# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 28 जून 2025



Launching

Project by

Vishwabharti Automobiles Pvt. Ltd.

# VB TOWER

## First Commercial Office Project With Amenities

28th & 29th June 2025

Starts From*

₹ 29.99 LACS ONLY






At the Center of Convenience

- Maruti Suzuki Arena — 0 MIN
- Ambuja Mall — 3 MIN
- Cloth Market Pandri — 5 MIN
- City Centre Mall — 5 MIN
- Railway Station Raipur — 10 MIN
- Raipur Airport — 20 MIN

- Common Extra Space
- Airy, Bright & Built For Clarity
- Very High Rental Potential
- Ample Natural light and Ventilation
- Beautiful Podium Garden

For **Premium Office Space**

MOVE to MOVA

Contact

62626 20136, 87200 01111, 92576 66766

Marketed by

MAHESH VENTURES

THE VERIFIEDD PROPERTY

Above Vishwabharti Automobiles, Vidhansabha Road, MOVA, RAIPUR

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 28 जून 2025






**Raipur's**
ONLY SPOT for
Exclusive Bridal Jewellery

Gold
Diamond
Diamond Polki
Antique
Bangles
18kt Italian
Silver
Gemstones

NAVKAR
JEWELLERS

#FromCreationtoCelebration

GRAND LAUNCH

27th - 28th Jun., 2025

Malviya Rd., City Kotwali Chowk, Raipur (CG) - 492001. 0771 2555 200 | +91 62625 55200

ASHTVINAYAKA
REALTIES
CGRERA150322A000647

Nature wali Zindagi

# Gulmohar GREENS

In collaboration with Ahuja's

rera.cgstate.gov.in | PCGRERA030625001936

## Premium Residential Plots

**28 & 29 June 2025**

Get Assured Gift on Spot Booking







## AMENITIES



















Scan To Locate

8516003000

Mujgahan, Opp. Shankaracharya College,
Old Dhamtari Road, Raipur, C.G.

रायपुर
हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी







## भगवान जगन्नाथ भाई बलराम व बहन सुभद्रा के साथ निकले मौसी के घर

पुरी/रायपुर। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पुरी, अहमदाबाद, रायपुर सहित देशभर में धूमधाम के साथ निकाली गई। पुरी में रथयात्रा में शामिल होने देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुरी में जुटे। परंपरानुसार त्रिदेवों- भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ अपनी मौसी के घर जाते हैं। इस दौरान तीनों को रथ से ले जाया जाता है। पुरी में रथ यात्रा के पहले 12वीं शताब्दी के मंदिर से पहांडी में बिठाकर मंदिर के सिंह द्वार के सामने खड़े उनके संबंधित रथों तक ले जाया गया। जिसे 'पहांडी' अनुष्ठान कहा जाता है। सिंह द्वार से भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और महाप्रभु जगन्नाथ के रथों को खींचकर श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाता है, जो पुरी जगन्नाथ मंदिर से लगभग 2.6 किलोमीटर दूर है। गुंडिचा मंदिर महाप्रभु जगन्नाथ, उनके भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा के मौसी का घर माना जाता है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित अन्य ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### आसाराम की अस्थायी जमानत बढ़ी



**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने 2013 के दुष्कर्म के एक मामले में आसाराम को दी गई अस्थायी जमानत की अवधि को सात जुलाई तक बढ़ा दी। मामले पर अगली सुनवाई दो जुलाई को होगी। गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा 28 मार्च को दी गयी अस्थायी जमानत की अवधि 30 जून को समाप्त हो रही है।

### पाकिस्तान में एक ही परिवार के 18 लोग डूबे



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की स्वात नदी में अचानक आई बाढ़ में एक ही परिवार के कम से कम 18 लोग डूब गए, जिसमें से चार लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि अन्य की तलाश जारी है। शुरूआती जानकारी के अनुसार, यह परिवार इस क्षेत्र में घूमने आए पर्यटकों के समूह का हिस्सा था।

### जगन रेड्डी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक रोड शो के दौरान एक व्यक्ति की मौत के मामले में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर एक जुलाई तक के लिए रोक लगा दी। रेड्डी 18 जून को पलनाडु जिले के रेन्टापल्ला गांव पहुंचे थे जब रेड्डी का काफिला गांव की ओर जा रहा था।

### जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकियों की जमकर तलाश



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के एक जंगली इलाके में पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम का तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकवादी मारा गया।

### कर्ज में डूबे परिवार ने खाया जहर, तीन की मौत




**बिजनौर।** बिजनौर जिले के नूरपुर थाना इलाके में कर्ज में डूबे एक परिवार के जहर का सेवन करने से तीन लोगों की मौत हो गई है। एसपी अभिषेक ने बताया कि थाना नूरपुर के कंडेरा गांव में पुखराज, उसकी पत्नी रमेशिया तथा 19 वर्षीय बड़ी बेटी अनीता, 17 वर्षीय छोटी बेटी सुनीता ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

### आरोप में टीएमसी छात्र नेता समेत तीन गिरफ्तार

# कोलकाता में फिर दरिंदगी, लॉ कॉलेज में छात्रा से गैंगरेप, सियासी दंगल भी

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में छात्रा के साथ रेप और हत्या का मामला शांत भी नहीं हुआ है कि यहां के एक लॉ कॉलेज में एक छात्रा के साथ हुए गैंगरेप ने पूरे देश को एक बार फिर झकझोर कर दिया है। पुलिस ने मामले में तृणमूल कांग्रेस के छात्र नेता समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच अभियुक्त के टीएमसी से जुड़े होने के दावों ने मामले को राजनीतिक रंग भी दे दिया है।

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

विपक्षी दलों ने तृणमूल कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाली सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफ़ा मांगा है। कई अन्य संगठनों ने इस मामले के ख़िलाफ़ विरोध प्रदर्शन किया है।

पुलिस के अनुसार घटना 25 जून को शाम 7:30 बजे से रात 10:50 बजे के बीच साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज परिसर के गार्ड रूम में घटी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोपियों में मोनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी हैं।इस मामले को लेकर विपक्षी दलों ने तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। यहां बलात्कार होना एक आम बात हो गई है। विपक्षी दलों ने सीएम ममता बनर्जी से इस्तीफ़ा मांगा है। बता दें कि इससे पूर्व कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सभागार ▶▶|शेष पेज 5 पर

### शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर हुआ रेप

छात्रा ने बताया कि वह आरोपी को जानती है और उसके साथ काफी समय तक रिश्ते में थी। कुछ दिक्कतों के कारण पीड़िता ने शादी का प्रस्ताव ठुकरा दिया था, जिसके बाद से आरोपी नाराज था। पुलिस ने बताया कि आरोपी मिश्रा पूर्व छात्र और वर्तमान में टीएमसी की छात्र शाखा, तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद की दक्षिण कोलकाता जिला इकाई के महासचिव हैं। जैब और प्रमित दोनों प्रथम वर्ष के छात्र हैं।



### टीएमसी ने दावा किया खारिज

हालांकि, टीएमसीपी ने इन दावों को ख़ारिज किया है और कहा है कि मुख्य अभियुक्त कई सालों से उनके संगठन में सक्रिय नहीं थे। हालांकि, उन्होंने ये बताया कि वह कॉलेज में अस्थायी कर्मचारी के तौर पर काम कर रहे थे। टीएमसी प्रवक्ता ने कहा कि विपक्षी दल अपनी नाकामियां छुपाने हर किसी मामले में टीएमसी का नाम जोड़कर सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं।

### परीक्षा संबंधी फॉर्म भरने पहुंची थी छात्रा

पीड़ित 24 वर्षीय महिला ने बताया कि बुधवार दोपहर 12 बजे परीक्षा संबंधी फॉर्म भरने कॉलेज पहुंची थी। इसके बाद वह कॉलेज के यूनियन रूम में बैठी। तभी आरोपी मिश्रा वहां पहुंच गया और उसने अपने दोस्तों से कहकर मुख्य गेट बंद करवा दिया और पीड़िता को गार्ड रूम में ले गया। वहां पीड़िता के साथ मिश्रा और उसके 2 दोस्तों ने रेप किया। आरोपी ने घटना को मोबाइल पर दर्ज किया और मुंह खोलने पर बदनामी की धमकी दी।

### प. बंगाल में बलात्कार त्रासदी बन गई : भाजपा

*घटना को लेकर भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा, 'आरजी कर का खौफ अभी कम नहीं हुआ और फिर भी बंगाल में इस तरह के जघन्य अपराध हर रोज बढ़ रहे हैं। ममता बनर्जी के शासन में पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए एक बुरा सपना बन गया है। बलात्कार एक आम त्रासदी बन गई है। भाजपा पीड़िता और उसके परिवार के साथ है। हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक हर अपराधी को सजा नहीं मिलती।' महिला आयोग ने लिया स्वतः संज्ञानराष्ट्रीय महिला आयोग ने इस घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए कोलकाता के पुलिस आयुक्त से तीन दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पुलिस आयुक्त को भेजे पत्र में इस घटना पर चिंता जताते हुए इसकी गंभीरता से जांच की मांग की है। साथ ही छात्रा को हरसंभव मदद देने का निर्देश दिया है।*

## अहमदाबाद में हाथी बेकाबू, मची भगदड़



गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान उस समय भयानक स्थिति पैदा हो गई, जब डीजे और पटाखों की आवाज सुनकर एक हाथी बेकाबू हो गया और इधर-उधर भागने लगा। हाथियों के बेकाबू होने से रथ यात्रा में भगदड़ जैसी स्थिति हो गई। घटना करीब 10 बजे खड़िया के पास हुई। हालांकि, वहां मौजूद वन विभाग के कर्मचारियों ने स्थिति काबू में कर ली।

घटना में 2 से 3 लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। रथ यात्रा में 18 हाथियों का समूह सबसे आगे चल रहा है, जो गाजे-बाजे की धुन के कारण बेकाबू हो गया था और भागने लगा था। गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मौके पर सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी है। अहमदाबाद में रथ यात्रा सुबह 7 बजे शुरू हुई है, जिसकी शुरूआत मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पाहिंद विधि करके की। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उनका परिवार भी शामिल हुआ।

### सुरक्षा में बड़ी चूक, पेट्रोल पंप सील

## सीएम यादव के काफिले की 19 गाड़ियों में भरा पानी मिला डीजल, गाड़ियां बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतलाम



मध्य प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव के काफिले में बड़ी सुरक्षा चूक का मामला सामने आया है। सीएम रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लायमेंट कॉन्क्लेव (राइज) में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इस बीच उनके काफिले की 19 कारें अचानक एक के बाद एक बंद हो गईं। जांच में सामने आया कि गाड़ियों में डीजल के साथ पानी भरा हुआ था। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित ▶▶|शेष पेज 5 पर

### 20 लीटर डीजल में 10 लीटर पानी

सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार आशीष उपाध्याय, खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी आनंद गोरे सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। जांच में पता चला कि जिन गाड़ियों में 20 लीटर डीजल डलवाया गया था, उनमें से लगभग 10 लीटर पानी निकला। यह स्थिति लगभग सभी वाहनों में पाई गई। एक ट्रक चालक ने भी 200 लीटर डीजल भरवाया था, जो थोड़ी दूरी पर ही बंद हो गया।

## रिटायर होने से दो दिन पहले भारतमाला में फंसे पटवारी ने दी जान, फार्म हाउस में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



भारतमाला प्रोजेक्ट में बिलासपुर-उरगा राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण में भारी गड़बड़ी के मामले में आरोपी पटवारी सुरेश मिश्रा की लाश उनकी बहन के फार्म हाउस में फांसी पर लटकी मिली है। पटवारी दो दिन बाद रिटायर होने वाला था।

पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि पटवारी का एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस फिलहाल इस मामले में कुछ भी कहने से बच रही है। सकरी थाना प्रभारी प्रदीप आर्य ने बताया कि पटवारी सुरेश मिश्रा की बहन का ग्राम जोंकी में फार्म हाउस है। शुक्रवार की शाम सूचना मिली कि पटवारी की लाश फार्म हाउस के कमरे में पंखे से लटकी है। सूचना पर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ने बताया कि पटवारी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### दो दिन पहले हुई थी एफआईआर

भारतमाला परियोजना के तहत ग्राम ढेका में भू अर्जन की कार्रवाई में अनियमितता करने वाले तत्कालीन तहसीलदार व पटवारी के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया गया था। दोनों के खिलाफ तहसीलदार राहुल शर्मा पिता सत्यनारायण शर्मा ने रिपोर्ट लिखाई थी। दरअसल भारतमाला ▶▶|शेष पेज 5 पर

### मिला है सुसाइड नोट

सूत्रों के अनुसार पटवारी की जेब में दो सुसाइड नोट मिला है। जिसमें अपने ऊपर लगाए गए आरोपों का खंडन किया गया है और कलेक्टर से बहाली की मांग की गई है। वहीं अपने सेवा निवृत्ति से पहले इस तरह की गई कार्रवाई से क्षुब्ता जाहिर की गई है और एक मार्मिक नोट छोड़ा गया है। खास बात यह है कि पुलिस इस बारे में कुछ भी कहने से बच रही है।

## गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां समेत दो लोगों की गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** पंजाब के बटाला में मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात लोगों ने जेल में बंद गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां और उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी।अधिकारियों ने बताया कि दोनों के चेहरों, छाती और पेट पर गोलियां लगीं। उन्होंने कहा कि वे बृहस्पतिवार रात तरनतारन से लौट रहे थे, तभी यह घटना हुई। बटाला के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ▶▶|शेष पेज 5 पर

*लॉरेंस विरोधी बंबिहा गिरोह ने ली जिम्मेदारी*

### पहली बार सामने आया ग्लैण्डर्स बीमारी का मामला, मनुष्यों के लिए भी खतरनाक

# सरगुजा में दो घोड़ों को जहर के इंजेक्शन से दी गई इच्छा मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

अलग खबर

सरगुजा में पहली बार दो घोड़ों में ग्लैण्डर्स नामक खतरनाक संक्रामक बीमारी की पुष्टि होने के बाद दोनों घोड़ों को जहर देकर मारा गया। शादी विवाह में उपयोग होने वाले दो अश्वों में इसके लक्षण नजर आने पर इनके सैम्पल लेकर राष्ट्रीय अश्व अनुशंधान केंद्र हिसार भेजा गया था। रिपोर्ट आने के बाद शुक्रवार को कलेक्टर की अनुमति मिलने के बाद इस प्रक्रिया के लिए भारत सरकार द्वारा जारी एसओपी के तहत आदेश जारी किए गए ▶▶|शेष पेज 5 पर





### घोड़ों की मौत के बाद सुरक्षित दफनाया

घोड़ों में ग्लैण्डर्स की पुष्टि होने के पशुपालन विभाग के उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. आरपी शुक्ला के नेतृत्व में टीम अश्व पालक कमल धीवर के अस्तबल से दोनों अश्वों को नगर निगम के वाहन में सवार कर भिट्ठीकला ले जाया गया जहां उन्हें जहर का इंजेक्शन देकर मारा गया और उसके बाद निगम द्वारा पहले से खोदकर ▶▶|शेष पेज 5 पर

### ढाई लाख में खरीदा गया था घोड़ा-घोड़ी

इस मामले में अश्व मालिक कमल धीवर का कहना है कि उसने एक घोड़ा और एक घोड़ी को ढाई लाख में खरीदा था। इसमें से सिर्फ घोड़ी की कीमत डेढ़ लाख रूपए थी जबकि घोड़े की कीमत एक लाख रूपए थी। अश्व मालिक के अनुसार उसकी घोड़ी गर्भवती थी और एक सप्ताह के अन्दर बच्चा देने वाली थी। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि पशु पालक को उसके नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिया जाएगा।

### सरगुजा में 28 घोड़े

आंकड़ों के अनुसार सरगुजा में 28 घोड़े मौजूद है और इस संक्रामक बीमारी की पुष्टि के बाद हड़कंप मचा हुआ है और विभाग द्वारा सभी अश्वों के सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजने की बात कही जा रही है। बड़ी बात यह है कि सरगुजा में शादी विवाह, मैनपाट के पर्यटन स्थल में भी बड़े पैमाने पर खच्चर और घोड़ों का उपयोग किया जाता है।

### दी गई है इच्छा मृत्यु

घोड़ों में ग्लैण्डर्स की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ऐसे में कलेक्टर से अनुमति लेने के बाद दोनों घोड़ों को इच्छा मृत्यु दी गई है। इसके साथ ही सभी घोड़ों का सैम्पल लिया जाएगा। वहीं इसके सम्पर्क में आने वाले लोगों, सैम्पल लेने वाले चिकित्सकों के भी ब्लड सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजे जाएंगे।

-डॉ. आरपी शुक्ला,
उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं




# शुभांशु के साथ अंतरिक्ष में हैं अलग देशों के 10 मिशन साथी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखकर इतिहास रच दिया है। वह न केवल भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बने हैं, बल्कि पहले ऐसे भारतीय हैं जिन्होंने अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच कर तिरंगे को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। लेकिन सवाल यह भी है कि इस समय शुभांशु के साथ अंतरिक्ष में मौजूद बाकी 10 लोग कौन हैं और वहां क्या जिम्मेदारियां निभा रहे हैं?शुभांशु शुक्ला 'एक्सिओम स्पेस' के एएक्स-4 मिशन के तहत स्पेस स्टेशन पहुंचे हैं। इस मिशन में उनके साथ तीन और अंतरिक्ष यात्री हैं: अमेरिका की अनुभवी पैगी व्हिटसन, पोलैंड के वैज्ञानिक स्लावोश उजनान्स्की-विश्निव्स्की, हंगरी के इंजीनियर टिबोर कपु। इनके अतिरिक्त अंतरिक्ष स्टेशन पर पहले से ही एक्सपेडिशन 73 की स्थायी टीम के सात सदस्य मौजूद हैं। यह दल नासा, ईएसए, जाएक्सा और रूस की रोस्कॉस्मोस एजेंसी से ताल्लुक रखते हैं।*

**अमेरिका की पैगी व्हिटसन हैं मिशन की कमांडर**

**भारत के सात वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन कर रहे हैं शुभांशु**

**सूक्ष्मजीव विज्ञान और मानव फिजियोलॉजी पर होंगे कई अहम प्रयोग**

### एएक्स-4 मिशन के प्रमुख यात्री और उनकी भूमिकाएं

- *शुभांशु शुक्ला (भारत) : मिशन पायलट*

उत्तर प्रदेश के लखनऊ से ताल्लुक रखने वाले शुभांशु एक अनुभवी फाइटर पायलट हैं। उन्होंने 3,000 घंटे से अधिक विभिन्न लड़ाकू विमानों में उड़ान भरी है।

- **भूमिका:** मिशन पायलट के रूप में यान की दिशा, स्पीड और डॉकिंग पर नजर रखते हैं। साथ ही, वे भारत के सात वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन भी कर रहे हैं, जिनमें अंकुरण, सूक्ष्मजीव विज्ञान और मानव फिजियोलॉजी शामिल है।
- *पैगी व्हिटसन (अमेरिका): मिशन कमांडर*

स्पेस में 675 दिनों तक रह चुकी यह अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री इस मिशन की प्रमुख हैं।

- **विशेष:** वह अंतरिक्ष यान 'ग्रेस' की कप्तान हैं और सभी गतिविधियों का समन्वय करती हैं।
- *स्लावोश उजनान्स्की (पोलैंड): मिशन स्पेशलिस्ट*

पोलैंड के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में स्लावोश का यह मिशन ऐतिहासिक है।

- **भूमिका:** यूरोपीय वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन, उपकरणों का परीक्षण।
- *टिबोर कपु (हंगरी): मिशन स्पेशलिस्ट*

सोवियत युग के बाद हंगरी से पहले अंतरिक्ष यात्री हैं।

- **फोकस:** माइक्रोग्रैविटी में मटीरियल साइंस और जैविक अनुसंधान।

### यह है एक्सीओम मिशन 4

*एक्सीओम मिशन 4 (एएक्स-4) इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के लिए चौथा प्राइवेट ह्यूमन स्पेसफ्लाइट मिशन है, जिसे एक्सीओम स्पेस ने स्पेसएक्स और नासा के पार्टनरशिप में ऑर्गेनाइज किया है। इसके तहत एस्ट्रोनॉट्स माइक्रोग्रैविटी में लगभग 60 साइंटिफिट एक्सपेरिमेंट्स करेंगे, जो लाइफ साइंसेज, मटेरियल साइंस, ह्यूमन फिजियोलॉजी और अर्थ ऑब्जर्वेशन जैसे अलग-अलग फील्ड्स में होंगे।*




### आईएसएस: एक उड़ती हुई प्रयोगशाला

आईएसएस पर काम करने वाली टीम का मुख्य फोकस तीन प्रमुख क्षेत्रों पर होता है। वैज्ञानिक अनुसंधान: चिकित्सा, जैविक, तकनीकी और भौतिक विज्ञान में प्रयोग। तकनीकी रखरखाव: स्टेशन के उपकरणों की मरम्मत और निगरानी। मानव स्वास्थ्य अध्ययन: अंतरिक्ष में मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण। स्टेशन का रखरखाव: आईएसएस एक जटिल मशीन है, जिसमें ऑक्सीजन जनरेटर, पानी पुनर्चक्रण प्रणाली, सौर पैनल और अन्य उपकरण शामिल हैं. स्थायी टीम इनका नियमित रखरखाव और मरम्मत करती है। वे स्पेसवॉक (अंतरिक्ष में बाहर निकलकर काम करना) करते हैं ताकि बाहरी उपकरणों की मरम्मत या बदलाव किया जा सके।

### आईएसएस की स्थायी टीम के सदस्य और काम

आईएसएस पर पहले से तैनात 7 सदस्यीय दल 'एक्सपेडिशन 73' कहलाता है। ये मिशन संचालन, वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी निगरानी की ज़िम्मेदारी निभाते हैं।

1. निकोल आयर्स (नासा): तकनीकी विशेषज्ञ
माइक्रोग्रैविटी प्रयोग और स्टेशन मेंटेनेंस में दक्ष।
2. ऐनी मैकक्लेन (नासा): सैन्य इंजीनियर और पायलट
स्पेसवॉक और स्टेशन प्रबंधन में अहम भूमिका।
3. जॉनी किम (नासा): डॉक्टर, पूर्व नौसेना अधिकारी
चिकित्सा परीक्षणों और स्वास्थ्य निगरानी में सहयोगी।
4. ताकुया ओनिशी (जेएएक्सए): जापानी वैज्ञानिक
जापान के प्रयोगों में सक्रिय सहभागिता।
5. किरिल पेस्कोव (रूस): अनुभवी कॉस्मोनॉट
रूसी मॉड्यूल और सिस्टम की निगरानी।
6. सर्गेई रियझिकोव (रूस): मिशन लीडर
रूसी अंतरिक्ष अभियानों का संचालन।
7. एलेक्सी ज़ुब्रित्स्की (रूस): इंजीनियर
तकनीकी और वैज्ञानिक उपकरणों की निगरानी में योगदान।

## खबर संक्षेप

### आजाद को झटका, दो नेता करेंगे कांग्रेस में वापसी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) से जुड़े दो वरिष्ठ नेता कांग्रेस में वापसी करने जा रहे हैं। पूर्व मंत्री ताज मोहिउद्दीन और गुलाम मोहम्मद सरूरी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव सैयद नसीर हुसैन, जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में आज औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल होंगे।

### यूरोपीय संघ ने बढ़ाई रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की अवधि

**लंदन।** यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देशों के नेताओं ने रूस के खिलाफ क्षेत्रीय प्रतिबंधों को अगले छह महीनों, यानी जनवरी 2026 तक बढ़ाने का समर्थन किया है। क्षेत्रीय प्रतिबंधों को बढ़ाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है, तथा अंतिम तिथि से एक महीने पहले यह समझौता होना काफी आश्चर्यजनक है, जिससे हंगरी के साथ एक नए नाटक से बचा जा सकेगा, जो लगातार धमकी देता रहता है कि वह अपनी सहमति नहीं देगा, जिसके बिना प्रतिबंधों को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता।

### नाबालिग से गैंगरेप के बाद हत्या, पेड़ से लटका मिला शव



**धौलपुर।** राजस्थान के धौलपुर जिले में 16 वर्षीय नाबालिग से गैंगरेप और हत्या की वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। गुरुवार सुबह सदर थाना क्षेत्र के जंगल में नाबालिग की डेडबॉडी पेड़ से लटकी हुई मिली थी। परिजनों ने गांव के ही चार युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म और हत्या का आरोप लगाया है। बताया गया कि बुधवार रात को नाबालिग लड़की अचानक घर से गायब हो गई थी। परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### चीन के किंगदाओ में अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग से द्विपक्षीय वार्ता

# 'बॉर्डर पर गलवान जैसे हालात दोबारा न बनें' राजनाथ ने चीन को सुझाया 4 सूत्री फॉर्मूला!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजिंग

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के मौके पर अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जून के साथ अहम द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने चीनी रक्षा मंत्री के समक्ष चार सूत्री फॉर्मूला रखा ताकि दोनों देशों के रिश्तों में सुधार हो और आगे कभी गलवान जैसी स्थिति पैदा न हो. तनाव कम करने की योजना में इस बात पर जोर दिया गया कि भारत-चीन 2024 की उस योजना का पालन करें जिसमें दोनों देश एक पेट्रोलिंग व्यवस्था पर सहमत हुए थे।

राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री के सामने जो चार सूत्रीय फॉर्मूला रखा, उसमें शामिल बाते हैं- 1. डिसएंगेजमेंट- 2024 के डिसएंगेजमेंट प्रक्रिया का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए। 2. तनाव कम करना: सीमा पर तनाव कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए। 3. सीमांकन एवं परिसीमन: बॉर्डर के सीमांकन और परिसीमन के तय टार्गेट को हासिल करने के लिए सीमा विवाद को सुलझाने की प्रक्रिया में तेजी की जरूरत है। 4. विशेष प्रतिनिधि स्तर तंत्र: संबंधों को सुधारने और मतभेदों को सुलझाने के लिए नई प्रक्रिया तैयार करने की खातिर मौजूदा विशेष प्रतिनिधि तंत्र का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

**ड्रैगन ने भी कहा, हम नहीं चाहते हैं भारत से कोई तनाव**

**शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के मौके पर चीन गए हैं भारतीय रक्षामंत्री**

### क्या है 2024 का डिसएंगेजमेंट प्लान?

2024 के डिसएंगेजमेंट प्लान के तहत भारत और चीन तनाव कम करने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग व्यवस्था को लेकर सहमत हुए थे। भारत-चीन सैनिकों के बीच गलवान घाटी में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास ही 2020 में झड़प हुई थी जिसके बाद चीन और भारत दोनों में पेट्रोलिंग के क्षेत्र को लेकर विवाद शुरू हो गया था। अक्टूबर 2024 में दोनों देश पेट्रोलिंग के लिए एक व्यवस्था पर सहमत हुए।



### यह हुआ था गलवान में

भारत और चीन के बीच साल 2020 में स्थिति बेहद तनावपूर्ण हो गई थी. चीन ने सीमा पर आक्रामकता दिखानी शुरू की और फिर एक मई 2020 को भारत-चीन के सैनिक पूर्वी लद्दाख के पैंगोंग झील के पास एक-दूसरे से लड़ पड़े। झड़प में दोनों देशों के कई सैनिक मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच कई दौर की वार्ता हुई जिसके बाद अक्टूबर 2024 में भारत-चीन एक डिसएंगेजमेंट प्लान पर सहमत हुए। चीनी रक्षा मंत्री के साथ हालिया बैठक में राजनाथ सिंह ने जो प्लान पेश किया, उसमें इसी का जिक्र है कि डिसएंगेजमेंट प्लान का पालन हो ताकि रिश्तों में सुधार और आपसी विश्वास की बहाली हो।

### रचनात्मक और दूरदर्शी बातचीत

बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर साझा करते हुए रक्षा मंत्री ने ट्वीट किया, 'किंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ बातचीत की। हमने द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित मुद्दों पर रचनात्मक और दूरदर्शी बातचीत की. लगभग छह सालों के अंतराल के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने पर अपनी खुशी जताई. दोनों पक्षों के लिए यह जरूरी है कि वे इस सकारात्मक गति को बनाए रखें और द्विपक्षीय संबंधों में नई मुश्किलों को आने से रोकें।'

### चीन ने बयान जारी कर यह कहा

मुलाकात को लेकर चीन ने भी एक बयान जारी किया है। चीन ने बयान में कहा कि भारत चीन के साथ किसी भी तरह का टकराव नहीं चाहता और संवाद, आपसी विश्वास को बढ़ा रहा है। हालांकि, द्विपक्षीय बैठक को लेकर भारत की तरफ से कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है।

# आरएसएस बोला- संविधान से हटे समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले के बयान ने एक बार फिर देश की सियासत में गरमाहट ला दी है। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटाने की वकालत की और कांग्रेस से इमरजेंसी के लिए माफी की मांग की। अब विपक्ष हमलावर है और भाजपा भी पटलवार कर रही है। एक्सपर्ट भी इस पर खुलकर राय दे रहे हैं।

आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाल में कहा था कि इमरजेंसी लोकतंत्र की हत्या थी और आज वही लोग संविधान की प्रतियां लेकर घूम रहे हैं। उन्होंने 1976 में जोड़े गए 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की बात कही। उन्होंने ये भी कहा कि इमरजेंसी के दौरान संविधान की आत्मा से छेड़छाड़ हुई थी। आज जो लोग लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं, वही उस हत्या के गुनहगार हैं।

**होसबोले के बयान पर मचा बवाल, विपक्ष ने साधा निशाना**



### कांग्रेस ने इसे आरक्षण विरोधी मानसिकता बताया

कांग्रेस ने होसबोले के बयान को आरक्षण विरोधी मानसिकता बताया, जबकि इंडिया अलायंस के नेताओं ने इसे संविधान के मूल ढांचे पर हमला करार दिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि ये बयान दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक विरोधी एजेंडे को उजागर करता है।

### संविधान से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं : लालू

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने एक्स पर लिखा- 'देश का सबसे जातिवादी और नफरत फैलाने वाला संगठन आरएसएस अब संविधान बदलने की बात कर रहा है।' उन्होंने इसे न सिर्फ संविधान बल्कि सामाजिक न्याय और लोकतंत्र पर सीधा हमला करार दिया। आरएसएस और उसके राजनीतिक संगठन बीजेपी संविधान की मूल आत्मा को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे हर भारतीय को समझना और इसके खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है। उन्होंने इस तरह के बयानों को अत्यंत खतरनाक बताते हुए जनता से सतर्क रहने की अपील की।

महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी के मुद्दे पर मचा है बवाल

# दो दशक बाद ठाकरे बंधु एक साथ मिलकर निकालेंगे हिंदी विरोधी मार्च

एजेंसी ▶▶| मुंबई।

करीब बीस वर्षों से राजनीतिक राहें अलग-अलग चल रहे ठाकरे परिवार के दो चचेरे भाई, उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे अब एक ही मंच पर नजर आने वाले हैं। वजह है महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी भाषा के थोपे जाने का कथित प्रयास।

राज्य में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ तीन-भाषा फार्मूले के तहत हिंदी को प्राथमिक शिक्षा में लागू किए जाने की योजना से विरोध की लहर उठ खड़ी हुई है। इसी विरोध ने मराठी अस्मिता के नाम पर ठाकरे बंधुओं को फिर से करीब ला दिया है। शिवसेना (उद्धव गुट) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना यानी मनसे के नेता एक ही मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन करने जा रहे हैं। मनसे प्रमुख राज ठाकरे 5 जुलाई को रैली निकालेंगे, जबकि उद्धव ठाकरे की अगुवाई में 7 जुलाई को मराठी समन्वय समिति द्वारा बड़ा मार्च आयोजित किया जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि शुरुआत में राज ठाकरे ने अपनी रैली की तारीख 6 जुलाई तय की थी, लेकिन बाद में यह तारीख बदलकर 5 जुलाई कर दी गई।



### राज ठाकरे की अपील- बिना राजनीतिक झंडे के शामिल हों

राज ठाकरे ने लोगों से अपील की है कि वे इस मार्च में बिना किसी राजनीतिक झंडे के शामिल हों और केवल मराठी पहचान को प्रमुखता दें। इससे यह संकेत भी मिल रहा है कि वे राजनीतिक एजेंडा छोड़कर सांस्कृतिक मुद्दों पर साझा आधार तलाश रहे हैं। राज ठाकरे ने यह भी स्वीकार किया कि उनकी पार्टी उद्धव गुट के संपर्क में है, जिससे दोनों गुटों के संभावित पुनर्मिलन की अटकलें तेज हो गई हैं।

### अनोखा विरोध प्रदर्शन...



**मेक्सिको।** मेक्सिको सिटी में मुर्गा लड़ाई और बैल लड़ाई जैसे जानवरों के खून के खेलों पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनों के खिलाफ मुर्गे की पोशाक पहने लोग शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए।

### बिहार के नगरपालिका चुनाव में आज़माया जा रहा नया तरीका

# देश में पहली बार होगी आज मोबाइल के जरिये वोटिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार देश का ऐसा पहला राज्य बनने जा रहा है, जहां मोबाइल के ज़रिए ऑनलाइन वोटिंग होगी। यह ई-वोटिंग 28 जून को बिहार की नगरपालिका आम और उप-निर्वाचन 2025 के लिए होगी। इस प्रणाली के लिए 51,155 मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिनमें 26,038 पुरुष और 25,117 महिला मतदाता शामिल हैं।

पटना, पूर्वी चंपारण, रोहतास, गया, बक्सर, बांका, सारण और सिवान की नगरपालिकाओं में होने वाले इन चुनावों में सबसे ज़्यादा रजिस्ट्रेशन बक्सर से हुआ है। इस ई-वोटिंग का प्रयोग बिहार राज्य निर्वाचन आयोग कर रहा है। आयोग स्थानीय निकायों यानी नगर निकाय चुनाव कराने के लिए ज़िम्मेदार होता है।

**इस ई-वोटिंग का प्रयोग कर रहा है बिहार राज्य निर्वाचन आयोग**

**दुनिया के कुछ ही देशों में ऐसा होता है, जिनमें एस्टोनिया एक उदाहरण**

*इनके लिए है यह सुविधा : इन चुनावों में मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद और वार्ड पार्षद के लिए कुल 570 उम्मीदवार मैदान में हैं। यह सुविधा उन मतदाताओं के लिए है जो वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग, गंभीर बीमारी से पीड़ित, गर्भवती महिला या प्रवासी मजदूर हैं। पारंपरिक वोटिंग सुबह 7 से शाम 5 बजे तक चलेगी, जबकि ई-वोटिंग केवल सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक ही हो सकेगी।*




### क्या होती है ई-वोटिंग?

आसान शब्दों में, जब कोई मतदाता मोबाइल के ज़रिए कहीं से भी वोटिंग प्रक्रिया में हिस्सा ले, तो उसे ई-वोटिंग कहते हैं। बिहार राज्य के निर्वाचन आयुक्त दीपक प्रसाद ने बताया, 'देश में पहली बार बिहार राज्य में ऐसा होने जा रहा है। दुनिया के कुछ ही देशों में ऐसा होता है, जिनमें एस्टोनिया एक उदाहरण है। हमने 10 जून से 22 जून तक एक विशेष अभियान चलाया था। रिटर्निंग ऑफ़िसर की टीमों ने लोगों को ई-वोटिंग के लिए जागरूक किया। हेल्प डेस्क, रैली और पोस्टरों के ज़रिए प्रचार किया गया। इसके नतीजे उत्साहजनक हैं।'

### कैसे होगी ई-वोटिंग?

जिन मतदाताओं ने खुद को ई-वोटिंग के लिए रजिस्टर किया है, उन्हें अपने मोबाइल पर एक ऐप डाउनलोड करना होगा। नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 के लिए एसईसीबीएचआर (एसईसीबीएचआर) ऐप और उप निर्वाचन के लिए एसईसीबीआईएचआर (एसईसीबीआईएचएआर) ऐप का उपयोग किया जाएगा। ये ऐप केवल रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ही काम करेंगे. एक विकल्प राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के ज़रिए भी उपलब्ध है, लेकिन वह भी केवल रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से ही सक्रिय होगा। तकनीकी आंकड़े भी इस स्थिति की पुष्टि करते हैं। प्रेस इन्फॉरमेशन ब्यूरो के अनुसार, बिहार की टेली-डेन्सिटी 57.23 फ़ीसदी है, जबकि राष्ट्रीय औसत 85.04 फ़ीसदी है। बिहार आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक़, राज्य में इंटरनेट डेनसिटी 42.1 फ़ीसदी है, जबकि देश भर में यह आंकड़ा 68.19 फ़ीसदी है।

# 'सरदार जी 3' के बाद अब 'बॉर्डर 2' को लेकर भी मुश्किल में दिलजीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिलजीत दोसांझ के फिल्म 'बॉर्डर 2' में काम करने को लेकर भी अब बवाल होना शुरू हो गया है। अभिनेता के पाकिस्तान की एक्ट्रेस हानिया आमिर के साथ काम करने को लेकर पहले ही बहस छिड़ी हुई थी, लेकिन अब ये विवाद और गहराता नजर आ रहा है। फिल्म की शूटिंग नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए), पुणे में चल रही है, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े संगठन एफडब्लूआईसीई (फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को चिट्ठी लिख डाली है।

**एफडब्लूआईसीई ने शाह को लिखा पत्र**



### एफडब्लूआईसीई ने उठाया कड़ा कदम

एफडब्लूआईसीई ने अपने पत्र में साफ तौर पर मांग की है कि 'बॉर्डर 2' को मिली शूटिंग परमिशन को तत्काल रद्द किया जाए। संगठन का कहना है कि दिलजीत दोसांझ को पहले ही आधिकारिक रूप से बॉयकॉट किया जा चुका है, ऐसे में उन्हें देश की रक्षा प्रतिष्ठान जैसे स्थान पर फिल्म शूट करने की अनुमति देना राष्ट्रीय भावना के खिलाफ है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



हरिभूमि सरोकार

### घटनाक्रम पर एक नजर

जानकारी के अनुसार वर्ष 2007-08 में इस सड़क को स्वीकृति मिली थी, 2010 में सड़क का काम शुरू हुआ। इसी बीच मई 2011 में अमामोरा पहाड़ी पर ▶▶| शेष पेज 5 पर



# टाइगर रिजर्व में फंसा नेशनल हाईवे, 18 साल पहले मंजूरी मिली, एनओसी का पेंच, बड़ी आबादी बेचैन

- इसी इलाके में नक्सली एंबुश में फंसकर शहीद हुए थे एएसपी समेत 9 जवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद मैनपुर नेशनल हाईवे पर 31 किमी का पेंच ऐसा है जिसके निर्माण की मंजूरी मिलने के 18 सालों बाद भी सड़क नहीं बन सकी है, जिसकी वजह से बड़ी आबादी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि फारेस्ट एरिया होने की वजह से एनओसी का मसला अब तक उलझा हुआ है। इसके विलंब के पीछे नक्सलियों की धमक भी रही है। इसी एरिया में एएसपी समेत 9 जवान ▶▶| शेष पेज 5 पर



### क्या कहते हैं अफसर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता अभिषेक पाटकर ने बताया 31.65 किमी सड़क निर्माण में महज 12.27 किमी पूर्ण हो पाया है और यह निर्माण कार्य वर्ष 2007-08 में प्रारंभ हुआ था। निर्माण कार्य में रोक के बाद फॉरेस्ट क्लियरेंस पर पूरी टीम ने काम करना शुरू कर दिया है। निर्धारित 44 बिंदुओं में से ज्यादातर की औपचारिकताएं पूरी हो गई है। एनओसी मिलते ही काम में तेजी आएगी।

### क्या कहते है वन अफसर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र होने के कारण सड़क निर्माण के लिए वाइल्ड लाइफ और फारेस्ट एनओसी लेना अनिवार्य है।

**विधायक जनक ध्रुव ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र :** बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने सड़क निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर सड़क निर्माण ▶▶| शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बोम्मई के खिलाफ दर्ज दो आपराधिक मामले रद्द

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भाजपा नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के खिलाफ दर्ज दो आपराधिक मामलों को रद्द कर दिया। इन मामलों में यह आरोप था कि उन्होंने किसानों और मंदिरों की संपत्तियों पर कथित अतिक्रमण को लेकर वक्फ बोर्ड तथा राज्य सरकार की आलोचना करते हुए टिप्पणी की थी।

### खालिस्तानी आतंकी मॉड्यूल के तीन पकड़ाए

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस समर्थित 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' नामक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए एक नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो हथगोले, एक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया।

देश के कई इलाकों में तेज अंधड़, गरज-चमक के साथ हो रही बारिश

# उत्तराखंड, हिमाचल समेत कई राज्यों में बाढ़, छत्तीसगढ़ का बड़ा इलाका 'सूखा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तराखंड व हिमाचल सहित देश के कई राज्यों में हो रही भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात बने हुए हैं। इस बीच देश में बारिश के चलते मौतों का आंकड़ा भी बढ़ने लगा है। हिमाचल के कुल्लू जिले में बादल फटने से अब तक 5 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 7 से ज्यादा लापता हैं। केदारनाथ हाईवे एक बार फिर मुनकटिया इलाके में लैंडस्लाइड के कारण बंद हो गया है। रास्ते पर लगातार पत्थर और मलबा गिर रहा है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं और यात्रियों को जंगल के वैकल्पिक रास्तों से सुरक्षित निकाल रही हैं। मानसून के आगमन के बावजूद छत्तीसगढ़ के एक बड़े हिस्से में बारिश कम होने के कारण सूखा की स्थिति बनी हुई है।

### इन जगहों पर बादल फटे, 3 की मौत

गुरुवार को कुल्लू के 5 जगह- जीवा नाला, शिलागढ़ गढ़सा घाटी, स्त्रो गैलरी मनाली, होरनगढ़ बंजार, कांगड़ा और धर्मशाला के खनियारा में बादल फटे थे। वहीं, जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ, डोडा और कठुआ जिलों में बादल फटने और तेज बारिश से आई बाढ़ में 2 बच्चों समेत 3 की मौत हो गई है। राजस्थान में बूंदी का बरधा बांध पूरी तरह भर गया है।



### सूरत में घरों में घुसा पानी

गुजरात के अहमदाबाद, सूरत और नवसारी जिलों में बीते 2 दिन से तेज बारिश का सिलसिला जारी है। सूरत के बाद अब अहमदाबाद में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। घरों में पानी भर गया है। गुजरात के चिखली में लगातार बारिश के बाद बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। गांव के अधिकतर घरों के अंदर तक पानी भर गया है। जिला प्रशासन लोगों को सुरक्षित स्थानों में भेज रहा है।

### अगले 2 दिन 23 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग की लेटेस्ट बुलेटिन के अनुसार, अगले 2 दिन देश के 23 राज्यों में तेज बारिश होगी। इनमें छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, बिहार, केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा शामिल हैं।

### खाड़ी में सिस्टम, पर छग के कई इलाकों में सूखा

**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी में सिस्टम तो बना हुआ है, मगर प्रदेश में व्यापक रूप से बारिश नहीं हो रही है। शुक्रवार को रायपुर समेत प्रदेश के प्रमुख शहरों में सूखा जैसी स्थिति रही है। मौसम विशेषज्ञों ने सक्रिय मौसम तंत्रिका को देखकर इस बात का अंदाजा लगाया था कि प्रदेश में गुरुवार से वर्षा की मात्रा के साथ दायरा बढ़ेगा, मगर ऐसा हुआ। राज्य के कुछ एक इलाकों में भारी बारिश हुई और सरगुजा तथा बस्तर ही इससे प्रभावित रहा। मध्य इलाके में अभी भी मानसून की व्यापक वर्षा प्रारंभ होने का इंतजार है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार जून में अब तक 161 मिमी. की तुलना में 122 मिमी. वर्षा हुई है, जो सामान्य से 24 प्रतिशत कम है। एकमात्र बलरामपुर में सामान्य से 116 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। राजनांदगांव, सुकमा और बेमेतरा में 62 से 80 फीसदी का संकट बना हुआ है। रायपुर के अलावा 17 जिले सामान्य से कम वर्षा की परेशानी झेल रहे हैं। बलौदाबाजार, बीजापुर, दंतेवाड़ा, जीपीएम, जांजगीर, कोरबा, मनेन्द्रगढ़, रायगढ़ एवं सूरजपुर जिला सामान्य स्थिति में हैं।

# अब 2 से 10 एकड़ कृषि भूमि पर बिल्डर बना सकेंगे मकान, शुल्क जमा करते ही खुद होगा डायवर्सन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 30 दिनों में दावा आपत्ति के बाद होगी लागू

छत्तीसगढ़ में अब जल्द ही खेती की जमीन पर तीन मंजिले मकान बने नजर आएंगे। किसान अब बिल्डर के साथ जेवी (संयुक्त उपक्रम) बनाकर ये काम कर सकेंगे। खास बात ये कि निर्माण राज्य सरकार की किफायती आवास योजना के तहत किए जाएंगे। सरकार ने इस संबंध में नियम जारी कर तीस दिनों के अंदर दावा आपत्ति और सुझाव मंगाए हैं। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद कृषि भूमि पर मकान ▶▶| शेष पेज 5 पर

### इस नियम से बनेंगे किफायती आवास

आवासीय भूखंडीय भू खंडीय सह प्रकोष्ठ के लिए जमीन का विकास करने के लिए क्षेत्रफल 2 से 10 एकड़ तथा न्यूनतम क्षेत्रफल 3.25 एकड़ न्यूनतम 1.25 जमीन एकड़ प्रकोष्ठ विकास के लिए होना चाहिए। पहुँच मार्ग न्यूनतम 9 मीटर, आंतरिक मार्ग की चौड़ाई 6 मीटर होगी। पहुँच मार्ग से जोड़े जाने वाली आंतरिक मार्ग की चौड़ाई न्यूनतम 9 ▶▶| शेष पेज 5 पर

### सरकार दूर करेगी कठिनाई

इन नियमों के प्रावधानों के क्रियान्वयन में यदि कोई कठिनाई आती है तो राज्य शासन ऐसा आदेश जो अधिनियम के प्रावधानों से असंगत न हो, जारी कर कठिरनाई को दूर कर सकेगा। प्रस्तावित योजना के लिए निर्धारित शुल्क देने होंगे। केवल इन नियमों के अंतर्गत प्रस्तावित योजना के लिए स्वतः कृषि से आवासीय भू- उपयोग लिए उपांतरण माना जाएगा।



## चिंतन

# संविधान में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष तत्व पहले से ही

संविधान की प्रस्तावना में वर्ष 1976 में आपातकाल के दौरान 42वें संशोधन के जरिये जोड़े गए शब्द 'समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष' को लेकर एक बार फिर से बहस गर्म है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने एक बार फिर से संघ राग छेड़ा है कि चूंकि आपातकाल के दौरान संविधान संशोधन के जरिये समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े गए हैं, इसलिए मूल प्रस्तावना में ये शब्द प्रासंगिक हैं या नहीं, इस पर सार्वजनिक बहस होनी चाहिए। इसके बाद से देश में विपक्ष की ओर से सियासत तेज है और कांग्रेस समेत दूसरे विपक्षी दल के नेता संघ पर हमलावर हैं। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन संविधान की मूल प्रस्तावना से समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने को लेकर बार-बार मांग के पीछे की सोच भारतीय दृष्टिकोण की द्योतक नहीं है, वर्ष 2025 में ऐसी बहस ही प्रासंगिक नहीं है। भारत संस्कृति और प्रकृति से समावेशी और समाजवादी है। भारतीय सनातन चिंतन में गहरे रूप से समाजवाद की अवधारणा सभी एक समान हैं, सर्वे भवन्तु सुखिनः और वसुधैव कुटुंबकम्-के रूप में निहित है। संविधान के मूल अधिकारों में सबके समान अधिकारों, सामाजिक व आर्थिक समानता व जनकल्याण की बात वर्णित हैं। संविधान में जोड़े गए शब्द समाजवादी का तात्पर्य उस समय राष्ट्रीयकरण अथवा साम्यवाद से नहीं था। संविधान वास्तव में कल्याणकारी राज्य के प्रति राज्य (देश) की प्रतिबद्धता और समान अवसर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यही बात समाजवादी शब्द के भाव में भी निरूपित है। इसी तरह धर्मनिरपेक्ष शब्द तो संविधान की आत्मा में पहले से ही है। इसको संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 में देश के सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता, पूजा अर्चना और धर्म के पालन की स्वाधीनता के जरिए व्यक्त किया गया है। प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द को जोड़ कर इस विचारधारा को मजबूत किया गया था। भारत कभी धर्मप्रधान देश रहा ही नहीं है, समावेशी संस्कृति प्रधान देश रहा है। सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि हिंदुत्व जीवनशैली है और इसकी मूल प्रकृति समाजवादी व धर्मनिरपेक्षता ही है। केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य और एसआर बोम्मई बनाम भारत संघ मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धर्मनिरपेक्षता वास्तव में संविधान की एक बुनियादी विशेषता है। डा. भीमराव आंबेडकर लिखित संविधान के दर्शन में पहले से ही समाजवादी और धर्मनिरपेक्षता का स्पष्ट उल्लेख हुए बिना न्याय, समानता, स्वाधीनता और भाईचारे का विचार निहित है। इन दोनों शब्द के जुड़ने के बाद से संविधान की भावना के दुरूपयोग की संभावना खत्म हो जाती है। आपातकाल में यह शब्द जोड़े गए, केवल इसी आधार पर इस पर सार्वजनिक बहस की मांग का कोई औचित्य नहीं है। आपातकाल देश के लिए काला दिन था और वह हमेशा रहेगा। राष्ट्र दुबारा ऐसी स्थिति में न पहुंचे, इसलिए इसे याद रखना जरूरी है। वर्ष 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने संबंधी याचिकाओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि लगभग 44 वर्षों के बाद इस संविधान संशोधन को चुनौती देने का कोई वैध कारण या औचित्य नहीं है। इन दोनों शब्दों ने देश में व्यापक स्वीकृति प्राप्त कर ली है और इनके अर्थ हम भारत के लोग बिना किसी संदेह के समझते हैं। अनुच्छेद 368 संविधान में संशोधन की अनुमति देता है; संशोधन की शक्ति संसद के पास है, इसलिए हमें किसी भी तरह के संशोधन को संसद के विवेक पर छोड़ देना चाहिए।

## सियासत

बाल मुकुन्द ओझा



# देश में तीसरे मोर्चे की सुगबुगाहट शुरू

देश में तीसरे मोर्चे की सुगबुगाहट एक बार फिर शुरू हो गई है। गैर कांग्रेस और गैर भाजपा मोर्चे की पैरवी करते हुए कुछ नेताओं को तीसरे मोर्चे की याद सताने लगी है। विशेषकर आम आदमी पार्टी, नगीना से सांसद चंद्रशेखर रावण की आज़ाद समाज पार्टी, स्वामी प्रसाद मौर्य का लोक मोर्चा और इंडियन नेशनल लोकदल जैसी राजनीतिक पार्टियों ने मौजूदा स्थितियों में तीसरे मोर्चे की वकालत की है। आम आदमी पार्टी ने इंडिया ब्लॉक से अलग होकर तीसरे मोर्चे की पहल की है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने तीसरे मोर्चे के गठन की जरूरत के संकेत दिए हैं। आतिशी ने हाल ही में बयान दिया कि विपक्ष को अब कांग्रेस से हटकर विकल्प तलाशने की जरूरत है। इस बयान ने विपक्ष के भीतर तीसरे मोर्चे की संभावना को नया बल दे दिया है। एनडीए और इंडिया गठबंधन से दूरी बनाकर चल रही निर्गुट पार्टियां अपना वजूद बनाये रखने के लिए जी-तोड़ प्रयास में जुटी हैं। कुछ क्षेत्रीय क्षत्रप भी तीसरे मोर्चे के गठन में अपनी रुचि दिखा रहे है। देश में वर्तमान में एनडीए और इंडिया नाम से दो सियासी मोर्चे वजूद में हैं। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सत्तारूढ़ है। जहां तक राज्यों की बात है, उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में जहां एनडीए सत्ता पर काबिज है वहीं दक्षिण के राज्यों में इंडिया गठबंधन सत्तारूढ़ है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, असम, त्रिपुरा, आंध्रा और दिल्ली आदि राज्यों में एनडीए या यूं कहे भगवा दल का परचम फहरा रहा है। इंडिया गठबंधन की बात करें तो कर्नाटक, हिमाचल, तेलंगाना, तमिलनाडू, केरल, बंगाल में इंडिया काबिज है। हालांकि इंडिया में रहने के बावजूद बंगाल में टीएमसी और केरल में कम्युनिष्ट अपने बलबूते पर राज कर रहे हैं। पंजाब में राज करने वाली आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से अलग होकर अब तीसरे मोर्चे की कवायद कर रही है। देश में बहुत सी ऐसी पार्टियां भी हैं जो दोनों प्रमुख मोर्चों में शामिल नहीं होकर स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही हैं। ये पार्टियां अपने-अपने राज्यों में सत्तारूढ़ रह चुकी है और अब स्वतंत्र रूप से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रही हैं। इनमें यूपी में बहुजन समाज पार्टी, पंजाब में अकाली दल, हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल, आंध्रा में जगन मोहन रेड्डी की पार्टी, राजस्थान में हनुमान बेनीवाल की रालोपा, तेलंगाना में केसीआर की पार्टी, उड़ीसा में बीजू जनता दल शामिल हैं। इन्हें हम निर्गुट पार्टियां भी कह सकते हैं। एक बहुजन समाज पार्टी है जिसने अकेले चलो का नारा बुलंद किया है, मगर तीसरा मोर्चा बनाने की कोई पहल नहीं की है। तेलंगाना में सत्ता गंवाने वाली क्षेत्रीय पार्टी बीआरएस के नेता के.चंद्रशेखर राव ने कभी तीसरा मोर्चा बनाने की वकालत जोर-शोर से की थी, मगर करारी हार के बाद वे भी अब अलग-थलग पड़े हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन से दूरी बनाकर चल रही निर्गुट पार्टियां अपना वजूद बनाये रखने के लिए प्रयासरत हैं। निर्गुट पार्टियों में से एक बसपा सुप्रीमो मायावती का कहना है कि सियासी पार्टियां उनकी पार्टी के बारे में कोई बेवजह बयानबाजी न करें। पता नहीं भविष्य में कब किसको किसी की जरूरत पड़ जाये, तब उन्हें किसी शर्मिंदगी का सामना नहीं करना पड़े। देश की लगभग 62 राजनीतिक पार्टियों ने दोनों गठबंधनों में शिरकत की है। इनमें 26 पार्टियां इंडिया और 36 पार्टियां एनडीए के झंडे के नीचे हैं। देश में एनडीए और इंडिया गठबंधन के अलावा एक दर्जन ऐसी पार्टियां हैं जिनका लगभग एक सौ लोकसभा सीटों पर खासा दबदबा है। ये पार्टिया किसी गुट विशेष में नहीं हैं और स्वयं की अलग पहचान बनाये हुए हैं। उड़ीसा में बीजू जनता दल, आंध्रा में वाईएसआर कांग्रेस और तेलंगाना में बीआरएस विधान सभा चुनाव हारकर सत्ताच्युत हो चुकी है। निर्गुट पार्टियां किसी गठबंधन में नहीं है मगर अपने अपने राज्य में इनका दबदबा है। विशेष रूप से उड़ीसा, आंध्र और तेलंगाना की पार्टियां इनमें शामिल है। अन्य प्रदेशों की निर्गुट पार्टिया भी कभी न कभी सत्ता पर काबिज रही है। अकाली दल और इनेलो के नेता मुख्यमंत्री के पद पर रहे है। इनमें कई पार्टिया कभी एनडीए की सहयोगी रही है। हाल ही पंजाब और गुजरात में विधानसभा उप चुनाव जीतने के बाद उसका हौसला बुलंद है। आप, ईनेलो, टीएमसी, बीजू जनता दल, केसीआर और जगन रेड्डी की पार्टियां, वामपंथी पार्टियां,अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी को मिलाकर तीसरा मोर्चा बनाया जा सकता है। आप नेता अरविन्द केजरीवाल प्रयास करें तो तीसरा मोर्चा वजूद में आ सकता है। उन्हीं की पार्टी की नेता आतिशी ने इसके संकेत भी दे दिए हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भारत में सहकारिता का अमृतकाल



विश्लेषण

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

सहकारिता समितियों को उनकी क्षमता का अहसास कराने में मदद करने के लिए ढांचागत निर्माण सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जब से शुरू किया है, सहकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। अमित शाह का यह स्वप्न लम्बे समय से था कि हम भारत में सहकारिता क्षेत्र का भरपूर विकास करके उन लोगों को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करें जो अभी भी किन्हीं कारणों से विकास की धारा से वंचित रहे हैं। सहकारिता के सिद्धांत दरअसल सबकी उन्नति व सबके विकास में विश्वास करता है। सहकारिता मंत्रालय अपने सात सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सहकारिता सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत की जन-स्थिति में सुधार की पहल कर रहा है।

भारत का यह अमृतकाल है। इस काल की अर्जित उपलब्धियां आने वाले समय में भारतीय जनता को गर्व से भर देंगी। अमृत काल जीवंत भारत हेतु सहकार से समृद्धि की यात्रा है। भारत में सहकारिता आंदोलन आज़ादी से भी पहले जारी था। ऐसा मानते हैं कि यह सहकारिता आन्दोलन सवा सौ साल पुराना है। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद इसका विशेष मंत्रालय बना, जिसका मुख्य जनादेश 'सहयोग से समृद्धि' की दृष्टि को साकार करना है।

देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करना है। जमीनी स्तर तक इसकी पहुंच को विस्तारित करना है। सहकारिता आधारित आर्थिक विकास मॉडल को बढ़ावा देना है और साथ-साथ उपयुक्त नीति, कानूनी और संस्थागत निर्माण करना है। सहकारिता समितियों को उनकी क्षमता का अहसास कराने में मदद करने के लिए ढांचागत निर्माण सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जब से शुरू किया है, सहकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। मंत्री अमित शाह का यह स्वप्न बहुत लम्बे समय से था कि हम भारत में एक बार सहकारिता क्षेत्र का भरपूर विकास करके उन लोगों को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करें जो अभी भी किन्हीं कारणों से विकास की धारा से वंचित रहे हैं। सहकारिता के सिद्धांत दरअसल सबकी उन्नति व सबके विकास में विश्वास करता है। इसीलिए हम देखते हैं कि सहकारिता मंत्रालय अपने सात सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सहकारिता सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत की जन-स्थिति में सुधार की पहल कर रहा है। यथा खुली और स्वैच्छिक सदस्यता का इसमें भरपूर प्रावधान है। लोकतांत्रिक सदस्य नियंत्रण के साथ सदस्यों की आर्थिक भागीदारी उनकी स्वायत्तता और स्वतंत्रता को स्थापित करके चल रहा है। व्यापक शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना पर बल देने की प्रतिबद्धता है। सहकारिता समितियों के बीच सहयोग और समुदाय के लिए चिंता भी इसके सैद्धांतिक पहलू हैं।

अब जब से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के पंच प्रण को जनमानस में रखा है, तब से सहकारिता के स्वरूप में और सघन विकसित भारतोन्नति को सहयोग मिल रहा है। 15 अगस्त, 2022 को स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए अमृत काल आह्वान के पंच प्रण कुछ इस प्रकार थे- विकसित भारत का लक्ष्य, औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटा दें। अपनी जड़ों पर गर्व करें। एकता यानी राष्ट्रीय एकीकरण की भावना और नागरिकों में कर्तव्य की भावना। यह वे प्रण हैं जिससे सच में भारत की छवि बदली जा सकती है। सहकारिता के लिए यह सब सूत्र हैं क्योंकि पंच प्रण से सबके साथ विकास व समृद्धि की नई परिभाषा रची जा सकती है और सबके आत्म गौरव को सुरक्षित व संरक्षित किया जा सकता है। विश्व स्तर पर सहकारिता के विविध प्रयत्न पर भारत के सहकारिता मंत्री अमित शाह की नज़र रहती है। वह चाहते हैं कि भारतीय नागरिक चाहे वह गरीब हो, दलित हों, दमित हों, महिलाएं हों या दिव्यांगजन हों, सबको सहकारिता का लाभ मिले। सहकारिता की भावना से सभी आगे बढ़ें। सहकारिता से सभी एक दूसरे के लिए कार्य करें क्योंकि अमित शाह की दृष्टि में परमार्थ का कार्य ही तो सहकारिता का कार्य है। एक-दूसरे का




सहयोग ही तो परमार्थ का कार्य है। सहकारिता का कार्य है। यह वर्ष अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम का अभिभाषण स्मरण आ रहा है। इस अभिभाषण में अमित शाह ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान सहकारिता के विस्तार, इस क्षेत्र में शुचिता लाने, सहकारी संस्थाओं को समृद्ध बनाने, कई नए क्षेत्रों में सहकारिता की पहुंच बढ़ाने और भारत के हर व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार से सहकारिता से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ने के प्रयास किए जाएंगे। यह एक बड़ी संकल्पना है कि भारत की 140 करोड़ वाली आबादी सहकारिता से जुड़े। सहकारिता को समझे। सहकारिता आन्दोलन में सम्मिलित हो। अमृतकाल में सहकारिता का अमृत-समय का हस्ताक्षर पूरे विश्व में भारत की ओर से अंकित करे। वस्तुतः आत्मनिर्भरता की दिशा में यह कार्य है। अमित शाह यह जानते हैं कि अमृत काल की अगर सबसे सुंदर व्याख्या कुछ है तो वह सहकारिता। सहकारिता के बगैर किसान आत्मनिर्भर नहीं बन सकेगा। समृद्ध नहीं बन सकेगा। नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के नारे को यदि जमीनी स्तर पर देखना है तो इसके लिए बड़े पैमाने पर आमजन को सहकारिता से जोड़ने की आवश्यकता है। यदि अमृत काल में भारत के 2047 के संकल्प को भी चरितार्थ करना है तो सहकारिता से किया जा सकता है। इसे एक विकसित भारत का मॉडल तैयार करने की कोशिश के रूप में हम समझ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन-आईसीए की स्थापना 1895 में हुई थी। यह सहकारी समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाला शीर्ष निकाय है। यह विश्व की सहकारी संस्थाओं को एकीकृत करता है और उनका प्रतिनिधित्व व देखरेख करता है। आईसीए सहकारी समितियों के लिए और उनके बारे में ज्ञान, विशेषज्ञता और समन्वित कार्रवाई के लिए एक वैश्विक आवाज़ और मंच प्रदान करने वाला संगठन है। सभी को यह ज्ञात है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। आधुनिक सहकारी आंदोलन की जन्मस्थली 'रॉचडेल म्यूज़ियम' में अंतरराष्ट्रीय सहकारी संगठन-आईसीए की सहकारी सांस्कृतिक विरासत कार्य समूह की बैठक होने वाली है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 विशेष सेलीब्रेशन के ही तहत यह समूह 25 ऐतिहासिक सहकारी स्थलों का डिजिटल वर्ल्ड मैप लॉन्च करने की योजना बना चुका है। यह संगठन सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों की पहचान के लिए वैश्विक दिशा-निर्देश तैयार करने वाला है। खास बात यह है कि इस परियोजना का उद्देश्य सहकारी आंदोलन के महान अग्रदूतों, परिवर्तनकारियों व समर्पित लोगों की विरासत को उजागर करना और उस परंपरा को सम्मान देना है जिसने इस वैश्विक आंदोलन को जन्म दिया। अमित शाह की योजना है कि देश के सहकारिता आंदोलन को इस महान प्रदर्शनी में सम्मिलित किया जाए और भारतीय सहकारिता की दुंदुभी पूरे विश्व में बजे। देखा जाए तो सहकारिता की भारतीय यात्रा को उनकी सोच से अब प्रतिबिंबित करना ज़रूरी है क्योंकि अमित शाह के इरादे बहुत नेक हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से और विभिन्न आयोजनों में इस बात पर जोर दिया कि सहकारिता आंदोलन की चर्चा इसकी विफलताओं तक सीमित नहीं रह सकती। इफको, कृभको, अमूल और नैफेड जैसी संस्थाओं ने सफलता की कई कहानियां गढ़ी हैं। देशभर के किसानों की मेहनत और सरकार की योजनाएं ही इस आंदोलन की असली रीढ़ हैं। सहकार से समृद्धि की इस बहुद्देशीय उल्लेखनीय उपलब्धि का देश को बहुत लाभ मिलने वाला है।

(लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## बुढ़ापा को बनाएं सार्थक



संकलित

दर्शन

जीवन का संध्याकाल यानी, बुढ़ापा अधिकतर लोगों के लिए दुखदायी होता है। मानव जीवन का यह पड़ाव बहुत मुश्किलों भरा और चुनौतीपूर्ण बन जाता है। हर इंसान को इसे भोगना पड़ता ही है। बेहतर है हम अपने जीवन को अभी से बेहतर बनाएं तभी बुढ़ापे को सार्थक बना पाएंगे। लेकिन आमतौर पर ऐसा होता नहीं है। आप घड़ी के तीन कांटे देखना, सेकंड का कांटा बचपन का प्रतीक है जो बहुत तेज भागता है। मिनट का कांटा जवानी का प्रतीक है जो बचपन से थोडा धीरे चलता है लेकिन काम करता दिखता है। घंटे का कांटा बुढ़ापे का प्रतीक है जो चलता हुआ दिखता तो नहीं, लेकिन फिर भी चलता है। बचपन और जवानी तो जल्दी भागती है बुढ़ापा धीरे धीरे खिसकता है। जवानी को लाख बचाना चाहो पर वह बचती नहीं, लाख दवाएं खा लो कि, बबुढ़ापा ना आए लेकिन बुढ़ापा तो आता ही है। सफेद बाल काले कर सकते हो फिर भी बुढापा नहीं रुकता। प्लास्टिक सर्जरी भी करा लो तो भी बुढ़ापा निश्चित आएगा। परिवार में सुखी रहना है तो बुढ़ापे में बहू और बेटों के बीच ज्यादा हस्तक्षेप मत करो। ज्यादा हस्तक्षेप करने से परिवार के लोग टूटने लगते हैं और मन भी अशांत होने लगता है। बुढ़ापा यदि सुख से गुजारना है तो अपने घर को अपना घर न समझकर पड़ोसी का घर समझो। जो व्यवहार अपने पड़ोसी से करते हैं वही अपने बेटे-बहू से करो, समय पर भोजन मिले चुपचाप भोजन कर लो, बाकी समय हरि का भजन करो।

## पूजा-अर्चना और ईश्वर शरणागति



संकलित

प्रेरणा

बेशक मूर्तिपूजा का अपना महत्व है। लेकिन चित्रकारों ने कल्पना करके भगवान का जो चित्र बनाया और उस चित्र पर से चित्र लेकर जो फोटो छपे और हमारे घर आये, क्या केवल उस फोटो के पैर पकड़ के बैठना भगवान की शरण है? बिना किसी भावना के अपने स्वार्थ के लिए या केवल दिखावे के लिए, पूजा-अर्चना का कोई अर्थ है। हमें चिंतन करना चाहिए कि भगवान की किसी धातु से अथवा पत्थर से बनी हुई मूर्ति अथवा यरूसलेम में रखे हुए उस पत्थर को पकड़ के आलिंगन करके बैठना खुदा की शरण है क्या, भगवान की शरण है क्या? अगर मूर्ति के पैर पकड़ के बैठना या श्रीविग्रह के पैर पकड़ के बैठना ही भगवान की शरण है तो पकड़ ले पैर, छुट्टी हो जाय, कल्याण हो जाय। कई महान संत एकांत में अंतर्यामी ईश्वर से वार्ता, ईश्वर-चिंतन, ईश्वर-पुकार करते-करते शांत हो गये तो उन संत को मानो उस सच्चिदानंद ने, उस परमेश्वर ने, उस गुरुतत्त्व ने, जिसमें उनकी स्थिति हुई, यह स्फुरना दिया कि एक संकल्प उठता है और दूसरा उठने को है, इसके बीच की जो संकल्परहित स्थिति है, वह सच्चिदानंद है। उस सच्चिदानंद में विश्रांति करना ईश्वर की शरण है। सुख और दुःख चले जाते हैं फिर भी जो नहीं जाता, उसमें स्थिति करना- यह ईश्वर की शरण है। अनुकूलता में हर्ष होता है और प्रतिकूलता में शोक होता है। हर्ष-शोक, राग और द्वेष मति के धर्म होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हिंदी किसी भी भाषा की विरोधी नहीं

हिंदी भाषा में भारतीय संस्कृति एवं परम्परा की झलक मिलती है। हिंदी का विरोध समय समय हुआ ही है। देश के विभाजन के बाद देश की मुख्य समस्या राष्ट्र की भाषा के लिए वाद-विवाद हुए। अंततः हिंदी को राष्ट्र भाषा घोषित की गई। हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा हिंदी के खिलाफ दिए गए बयान पर गृहमंत्री अमित शाह ने जवाब देते हुए कहा कि भारतीय भाषा देश को तोड़ने का नही,बल्कि जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की चेतना एवं अपनी संस्कृति की और आगे बढ़ने के लिए सरकार का संचालन मातृभाषा में ही करना चाहिए। हिंदी केवल भारत मे ही नही कई देशों में बोली जाती है। भारतीय हिंदी भाषी हर भाषा का का सम्मान करता है। देश मे अनेक भाषा बोली जाती है। और समझी भी जाती है लेकिन किसी भी राज्य की भाषा को किसी को ऐतराज नहीं है। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### भारत करेगा मेजबानी



यह प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत गर्व का क्षण है, क्योंकि भारत को प्रतिष्ठित 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों के लिए मेजबान देश के रूप में नामित किया गया है। अहमदाबाद आयोजन स्थल रहेगा।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### जय जगन्नाथ



श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। महाप्रभु जगन्नाथ सभी को सुख, अच्छा स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि प्रदान करें। सभी भक्तों को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा की शुभकामनाएं। जय जगन्नाथ !
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### अशोक गहलोत की राजनीति



अशोक गहलोत अपने पुत्र का राजनीतिक करियर बनाने के लिए संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी प्रकरण में मेरा नाम घसीटकर मुझे कलंकित करने के प्रयास में बुरी तरह असफल रहे हैं। इससे स्वयं उनकी राजनीति पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।
-गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री

### विशेष 'सेवा-पथ'



लोककल्याण की भावना ही सनातन धर्म की आत्मा है और यही भावना आज पुरी की पवित्र रथयात्रा में फिर प्रकट हुई। रथ यात्रा के दौरान आरएसएस के स्वयंसेवकों ने एम्बुलेंस के लिए विशेष 'सेवा-पथ' बनाया है।
- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

## करंट अफेयर

### सोशल मीडिया को जवाबदेह ठहराने के फैसले से सहमति



ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया कंपनियों को उनके उपयोगकर्ताओं द्वारा की गईं पोस्ट के लिए उत्तरदायी ठहराने के निर्णय से संबंधित विवरण पर बृहस्पतिवार को सहमति जताई, जिसके साथ ही अगले कुछ सप्ताह में फैसले को लागू करने का रास्ता साफ हो गया। ब्राजील की शीर्ष अदालत में 8-3 के मत से पारित आदेश में गूगल, मेटा और टिकटॉक जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियों को घृणास्पद भाषण, नस्लवाद और हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री पर सक्रिय रूप से निगरानी रखने और उसे हटाने के लिए कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। इस मामले से ब्राजील और अमेरिकी सरकार के बीच संबंध अस्थिर हो गए हैं। फैसले के आलोचकों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर प्लेटफार्म पहले से ही ऐसी सामग्री हटा देते हैं तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खतरे में पड़ सकती है। बृहस्पतिवार को न्यायालय द्वारा निर्णय प्रकाशित किए जाने के बाद, लोग गैर-कानूनी सामग्री डालने और पीड़ित द्वारा ध्यान में लाए जाने के बाद भी उसे हटाने से इनकार करने पर सोशल मीडिया कंपनियों पर मुकदमा कर सकेंगे। न्यायालय ने इस बारे में कोई ठोस नियम नहीं बनाए कि कौन सी सामग्री अवैध है।

## ऑफ बीट

### ममदानी की जीत से न्यूयॉर्क की राजनीति में आया भूचाल



न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के चुनाव में भारतीय-अमेरिकी जोहरान क्वामे ममदानी की जीत ने शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। भारतीय समुदाय के सदस्यों ने यह बात कही है। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ममदानी पर निशाना साधते हुए उन्हें 100 प्रतिशत पागल वामपंथी कहा है। मशहूर भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और भारतीय मूल के युगांडाई लेखक महमूद ममदानी के पुत्र 33 वर्षीय ममदानी को मंगलवार रात मेयर पद की उम्मीदवारी के लिए हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में विजयी घोषित किया गया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "आखिरकार यह हो गया, डेमोक्रेटिक पार्टी ने हद पार कर दी। 100 प्रतिशत पागल वामपंथी जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की और वह मेयर बनने की राह पर है। 'डिजिमेंटर्स' के सीईओ और मीडिया व राजनीति पर लंबे समय से नजर रखने वाले श्री श्रीनिवासन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि ममदानी की जीत ने न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। श्रीनिवासन ने कहा, "यह घटनाक्रम आश्चर्यजनक रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोगों का ध्यान खींच रहा है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# पूर्व विधायक से फिरौती मांगने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मोबाइल फोन के माध्यम से परिचित की बेटी को अगवा करने की दी थी धमकी, फिरौती के तौर पर मांगे थे 20 लाख रुपए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

आसमां सिटी निवासी पूर्व विधायक शैलेश पांडेय को धमकी देकर फरौती मांग वाले आरोपी को सकरी पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बिहार का रहने वाला है और पुलिस उसे प्रयागराज उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर बिलासपुर ले आई है।

25 जून को पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर फिरौती की मांग का मामला दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि परिचित महिला की बेटी को अगवा करने की धमकी और 20 लाख रूपए बतौर फिरौती की मांग उक्त व्यक्ति द्वारा की गई है। दरअसल उनकी परिचित महिला की बेटी दिल्ली में अध्ययनरत है, जिसे अगवा करने की धमकी आरोपी द्वारा दी गई थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल के मार्गदर्शन और डीएसपी रोशन आहुजा एवं टीआई प्रदीप आर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम गठन कर उत्तर प्रदेश रवाना किया। वाराणसी एवं प्रयागराज पुलिस, जीआरपी तथा आरपीएफ के सहयोग से प्रयागराज रेलवे स्टेशन में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गया आरोपी बच्चू झा उर्फ बबूवा पाण्डेय उर्फ बच्चा यादव, पिता – प्रीतनाथ झा, उम्र 30 वर्ष मधुबनी बिहार का रहने वाला है। शुक्रवार को पुलिस आरोपी को पकड़ कर बिलासपुर ले आई है। मामले में विवेचना जारी है। सकरी पुलिस ने मामले में फौरी कार्रवाई की है और एफआईआर दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर आरोपी को अन्य प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है।

**बुक स्कैनिंग कार्य में लापरवाही संकुल समन्वयक नंद निलंबितः** महासमुंद। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बुक स्कैनिंग कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर राकेश कुमार पांडेय ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक के प्रतिवेदन के आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) के तहत मनबोध नंद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

फीचर इम्पैक्ट

## 6 साल की बच्ची अब पहली बार सुन सकी

### रूपजीवन हॉस्पिटल में सफल कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी

यह सर्जरी डॉ. हंसा बंजारा (MS ENT) और उनकी टीम द्वारा अत्याधुनिक तकनीक की मदद से लगभग 4 घंटे में सफलतापूर्वक पूरी की गई। सर्जरी के बाद बच्चे को पहली बार आवाज सुनने का अवसर मिला — यह हम सभी के लिए गर्व और खुशी का क्षण है। कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी उन लोगों के लिए जीवन बदलने वाला अवसर होती है, जो जन्म से या किसी बीमारी के कारण ध्वनि से वंचित रहते हैं। इस जटिल सर्जरी में एक छोटे से इलेक्ट्रॉनिक इंप्लांट को अत्यंत बारीकी से कान में स्थापित कर श्रवण तंत्रिका से जोड़ा जाता है, ताकि ध्वनि के संकेत सीधे मस्तिष्क तक पहुँच सकें। यह प्रक्रिया विशेष अनुभव, उच्च सटीकता और आधुनिक तकनीक की मांग करती है। ENT चिकित्सा में यह सर्जरी गिने-चुने केंद्रों पर ही की जाती है और इसे दुर्लभ एवं तकनीकी दृष्टि से उन्नत सर्जरी माना जाता है।



रूपजीवन हॉस्पिटलः ENT Centre of Excellence; रायपुर में कान, नाक और गले की बीमारियों के संपूर्ण इलाज के लिए समर्पित है। यहां कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी, एंडोस्कोपिक साइनस सर्जरी, श्रवण यंत्र समाधान, वॉयस डिसॉर्डर मैनेजमेंट और एलर्जी / स्लीप एपनिया जैसी स्थितियों का उन्नत उपचार किया जाता है।



कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी जन्मजात मुक बधिर बच्चों और गंभीर सुनने की समस्या से जूझ रहे मरीजों के लिए एक वरदान है। यह सर्जरी समय पर कराई जाए तो जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। हजारों बच्चे और वयस्क समय पर सही इलाज न मिलने के कारण ध्वनि की दुनिया से वंचित रह जाते हैं। यदि सुनने की समस्या हो — जन्मजात या किसी बीमारी के कारण — तो विशेषज्ञ से सलाह लेना ज़रूरी है। रूपजीवन हॉस्पिटल में हमारा उद्देश्य है हर मरीज को नैतिक, सुलभ और अत्याधुनिक तकनीक आधारित इलाज प्रदान करना। ENT Centre of Excellence के रूप में, हम कॉक्लियर इंप्लांट जैसी जटिल सर्जरी के माध्यम से सुनने की शक्ति लौटाने का प्रयास करते हैं।

**डॉ. अनिल जैन**
डायरेक्टर, रूपजीवन हॉस्पिटल

**"समय पर इलाज जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। परामर्श या अधिक जानकारी के लिए रूपजीवन हॉस्पिटल से संपर्क करें।-**

**रूपजीवन हॉस्पिटल** एडवांस्ड ई एन टी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस **8103800964 | 0771-4087497"**

**मामले में एक आरोपी हिरासत में**

## पिस्टल दिखाकर दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर का अपहरण, रातभर बंधक बनाकर रखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

शहर के बीच से दिनदहाड़े प्रोपर्टी डीलर का पिस्टल दिखाकर अपहरण करने और 5 करोड़ रूपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को सकुशल बरामद कर लिया है इसके साथ ही एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। यह पूरा मामला प्रॉपर्टी डीलिंग से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल ने कहा कि जांच चल रही है। जल्द ही खुलासा करेंगे। सूरजपुर जिले के जगन्नाथपुर निवासी शंकरदयाल रवि नमनाकला में किराए के मकान में रहकर दुकान संचालन करने के साथ ही प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी करते है। युवक के अनुसार 25 जून को विक्की कुशवाहा नामक युवक उसे नमनाकला कार्मेल स्कूल के पीछे एक जमीन दिखाने के लिए लेकर गया था। नमनाकला में जमीन दिखाने के बाद वह शंकर दयाल रवि को लेकर जमीन मालिक से मिलवाने के लिए लक्ष्मीपुर लेकर गया जहां पहले से कुछ लोग मौजूद थे। उन लोगों ने अपहरण कर लिया।

### युवक ने दिखाई समझदारी

युवक शंकरदयाल रवि का कहना है कि अपहरण के बाद उसे अपनी जान का खतरा था इस लिए उसने समझदारी दिखाते हुए अपहरणकर्ताओं को पैसे देने का वादा किया। इसके बाद 26 जून को वे उसे लेकर पुनः वापस लौटे। इस दौरान उसने अपने परिवार के सदस्यों को फोन कर रूपए लाने को कहा। सौदे के तहत सभी अपहरणकर्ता सांडबार के समीप पहुंचे। इस दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद थी। पुलिस को देखकर चार लोग भाग निकले जबकि पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया। इसके साथ ही पुलिस ने व्यवसायी को सकुशल बरामद किया।

## पीड़िता की गवाही विश्वसनीय और सुसंगत हो तो उसी आधार पर दोष सिद्ध किया जा सकता है

**बिलासपुर।** मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु की खंडपीठ ने फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ( पाक्सो ), अंबिकापुर द्वारा दी गई सजा को बरकरार रखा है।



मामला 30 जून 2020 को दर्ज की गई एक शिकायत से संबंधित है, जिसमें पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी 29 जून की शाम को अपनी सहेलियों के साथ टहलने निकली थी और वापस नहीं लौटी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि पीड़िता की गवाही, चिकित्सकीय और दस्तावेजी साक्ष्यों से पूर्णतः पुष्ट होती है। इसमें किसी संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है। शिकायत के बाद जांच की गई तो पाया गया कि गांव में अक्सर आने-जाने वाला युवक पीड़िता से मिला था। पीड़िता ने भी अपने बयान में बताया कि आरोपी उसे कछार के जंगल में ले गया, रातभर वहीं रखा और उसके साथ बलात्कार किया। मामले में पहले भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण) के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई, फिर जांच के बाद आईपीसी की धारा 376(3), 376(2)(जी) और पास्को अधिनियम की धारा 3(ए)/4(2) एवं 5(जी)/6 के तहत आरोप तय किए गए।

## साइबर ठगी, 2 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ ऑनलाइन ट्रेडिंग प्रशिक्षण कोर्स के नाम पर आरोपियों ने की ठगी



साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस ने दो आरोपी राहुल और अंकित मोदी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सजन सिंह पटेल निवासी वीर शिवाजी वार्ड बलौदाबाजार द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 22 मई से 10 जून 2024 के मध्य आरोपी मोबाइल नंबर धारकों द्वारा विभिन्न मोबाइल नंबर से ऑनलाइन ट्रेडिंग प्रशिक्षण कोर्स के नाम पर प्रार्थी से कुल 25,58,317 रु विभिन्न खातों में जमा करवा कर धोखाधड़ी किया है कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 429/2025 धारा 420,409,34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच विवेचना कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी के दौरान उपयोग किए गए बैंक खाता नंबर आदि दस्तावेज प्राप्त किया गया।









# अपनाया 1981 में रिलीज हुई फिल्म का लुक...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रेखा की फिल्म 'उमराव जान' दोबारा रिलीज हुई है। रीरिलीज के कार्यक्रम में अभिनेत्री आलिया भट्ट भी पहुंचीं। आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री रेखा के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए एक बेहतरीन बात भी लिखी है। आइए जानते हैं आलिया ने अपनी पोस्ट में क्या लिखा है? आलिया भट्ट ने रेखा के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए अपनी पोस्ट में लिखा 'एक जीवित लीजेंड के लिए एक लाइन, आपकी तरह न कोई था, न कोई है और न कोई होगा।' पोस्ट में आलिया ने अपनी तस्वीरें भी शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि आलिया भट्ट ने हल्के गुलाबी रंग की साड़ी पहनी है। एक तस्वीर में आलिया भट्ट गुलाब के साथ पोज दे रही हैं।



# इन फिल्मों और सीरीज में भी देखने को मिले सियासी दांव-पेंच

*नई दिल्ली। अपनी रिलीज के बाद से ही पंचायत का नया सीजन लगातार चर्चाओं में बना हुआ है। ये पूरा सीजन फुलेरा में हुए पंचायत के चुनाव पर आधारित है। शो में चुनावी माहौल देखने को मिला और वोट मांगने से लेकर नेताओं की चुनाव कैम्पेन तक सबको बखूबी मेकर्स ने दिखाने का प्रयास किया है। पिछले तीन सीजन की तरह इस सीजन को भी दर्शकों का प्यार मिल रहा है। लोगों को फुलेरा का चुनाव पसंद आ रहा है। हालांकि, पंचायत से पहले भी कई फिल्मों और वेब सीरीज में चुनावी माहौल को काफी अच्छे से दिखाया गया है।*




**राजनीति :** प्रकाश झा द्वारा निर्देशित इस फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि इसमें भरपूर सियासी दांव-पेंच और चुनावी माहौल है। फिल्म एक राजनीतिक परिवार की कहानी पर आधारित है, जिसमें सत्ता और पावर के लिए अपने-अपने दांव चले जाते हैं। भारी-भरकम स्टारकास्ट वाली इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

**सत्ता :** रवीना टंडन और अतुल कुलकर्णी की प्रमुख भूमिकाओं वाली फिल्म 'सत्ता' पूरी तरह से चुनावी माहौल पर आधारित है। फिल्म में काफी सियासी



दांव-पेंच दिखाए गए हैं। ये फिल्म दिखाती है कि किस तरह से सत्ता पाने के लिए नेताओं द्वारा क्या-क्या दांव-पेंच चले जाते हैं।




**न्यूटन :** राजकुमार राव की फिल्म 'न्यूटन' छत्तीसगढ़ के नक्सल इलाके में चुनाव कराने पर आधारित है। कैसे एक चुनाव अधिकारी उस इलाके में मतदान कराने की जिद ठानता है जो नक्सलियों का गढ़ है। कैसे वो इस दौरान आने वाली चुनौतियों से पार पाता है और वहां सफलतापूर्वक चुनाव कराता है।



**महारानी :** बिहार की राजनीति पर आधारित हुमा कुरैशी की इस इस पूरी वेब सीरीज में चुनावी उठापटक और सियासी दांव-पेच देखने को मिले हैं। इस सीरीज के अब तक तीन सीजन आ चुके हैं और तीनों ही काफी पसंद किए गए हैं। ऐसा कहा जाता है कि इस सीरीज की कहानी काफी हद तक लालू यादव पर आधारित हैं। हालांकि, मेकर्स ऐसा नहीं मानते हैं।

**गुलाल :** अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म 'गुलाल' छात्र राजनीति पर आधारित है। फिल्म में सियासी ताना-बाना देखने को मिलता है। इस



फिल्म में केके मेनन, आदित्य श्रीवास्तव, पीयूष मिश्रा और दीपक डोबरियाल जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म राजस्थान की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

# ऑस्कर अकादमी में शामिल होंगे कमल हासन, आयुष्मान और पायल

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के लिए ये हफ्ता गौरव से भरा रहा है। दिग्गज अभिनेता कमल हासन और अपने दमदार अभिनय से हर किसी का दिल जीतने वाले आयुष्मान खुराना को हॉलीवुड की सबसे प्रतिष्ठित संस्था 'अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' यानी ऑस्कर अकादमी की सदस्यता के लिए आमंत्रित किया गया है। ये मौका न सिर्फ दोनों कलाकारों के लिए सम्मानजनक है, बल्कि भारतीय फिल्म जगत के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस साल अकादमी ने कुल 534 नए सदस्यों को आमंत्रण भेजा है, जिसमें भारत से कई नामों ने जगह बनाई है। कमल हासन और आयुष्मान खुराना के साथ-साथ कास्टिंग डायरेक्टर करण माली, सिनेमैटोग्राफर रणवीर दास, कॉस्ट्यूम डिजाइनर मैक्सिमा बसु, डॉक्यूमेंट्री फिल्ममेकर स्मृति मुंदड़ा और फिल्ममेकर पायल कपाड़िया को भी सदस्य बनने के लिए न्योता मिला है। कमल हासन को दक्षिण भारतीय सिनेमा में उनकी बहुपक्षीय प्रतिभा और चार दशकों के सिनेमाई योगदान के लिए जाना जाता है। वहीं, आयुष्मान खुराना ने बॉलीवुड में अपने हटके रोल्स और सामाजिक मुद्दों को छूने वाली फिल्मों से एक खास पहचान बनाई है। दोनों कलाकारों का चयन वैश्विक मंच पर भारतीय प्रतिभा की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। इस लिस्ट में सिर्फ भारतीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कलाकारों को भी जगह मिली है।



## कैसे मिलती है अकादमी की सदस्यता?

अकादमी की सदस्यता कोई आवेदन प्रक्रिया से नहीं बल्कि मौजूदा सदस्यों की सिफारिश और इंडस्ट्री में व्यक्ति के योगदान के आधार पर दी जाती है। इस बार विशेष ध्यान विविधता और समावेश पर दिया गया है। नए आमंत्रित सदस्यों में 41% महिलाएं हैं और 45% ऐसे समुदायों से आते हैं जिन्हें वैश्विक मंच पर अब तक कम प्रतिनिधित्व मिला है। अगर, ये सभी आमंत्रित सदस्य अकादमी की सदस्यता स्वीकार कर लेते हैं तो 2025 तक अकादमी के कुल सदस्यों की संख्या 11,120 हो जाएगी, जिनमें से 10,143 सदस्य वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगे।

# काजोल की फिल्म मां सिनेमाघरों में रिलीज, मिले-जुले रिएक्शंस

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री काजोल की बहुप्रतीक्षित फिल्म मां'27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। यह एक हॉरर फिल्म है, जिसे विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित किया गया है। यह एक मां की कहानी है, जो अपनी बेटी को प्रेत बाधाओं से बचाने का प्रयास करती है। इस फिल्म को देखने के बाद नेटिजंस एक्स पर रिएक्शंस दे रहे हैं। यूजर्स का कहना है कि फिल्म वाकई आपको डरा सकती है और भावनात्मक पहलुओं को बहुत खूबसूरत ढंग से दिखाया गया है, वहीं कुछ इसे खराब बता रहे हैं। फिल्म को लेकर मिले-जुले रिएक्शंस आ रहे हैं। कुछ यूजर्स 'मां' को बहुत अच्छी फिल्म बता रहे हैं, तो कुछ इसे अजय देवगन की 'शैतान' से कम आंक रहे हैं। इसके अलावा कुछ लोग इसे मजाक बता रहे हैं। फिल्म को लेकर कोई 4 स्टार दे रहा है तो कोई 2। इन बातों को ध्यान में रखते हुए कहा जा सकता है कि इसे औसत फिल्म बताई जा रही है।



## फिल्म के बारे में

'मां' फिल्म को अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, जियो स्टूडियो द्वारा निर्मित और कुमार मंगत पाठक द्वारा सह-निर्मित किया गया है। फिल्म में काजोल के अलावा रोनित रॉय, इंद्रनील सेनगुप्त, जितिन गुलाटी, गोपाल सिंह, सूर्यसिखा दास, यानी भारद्वाज, रूपकथा चक्रवर्ती और खेरिन शर्मा सहायक भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म को हिंदी, तमिल, तेलुगु और बंगाली में रिलीज किया गया है।

## क्या है फिल्म की कहानी?

'मां' फिल्म की कहानी की बात करें, तो काजोल ने इसमें अंबिका का किरदार निभाया है। फिल्म में अंबिका अपने पति शुवांकर (इंद्रनील सेनगुप्ता) और बेटी श्वेता (खेरिन शर्मा) के साथ कोलकाता में रह रही है। पश्चिम बंगाल में चंद्रपुर नाम का एक गांव है, जहां शुवांकर अपने पिता के निधन के बाद जाता है। इसके बाद उसे राक्षसों द्वारा मार दिया जाता है। कुछ महीनों के बाद, पूर्वजों की हवेली को बेचने के लिए, अंबिका और श्वेता चंद्रपुर जाती हैं, लेकिन इसके बाद वहीं की दैत्य शक्तियां अंबिका की बेटी श्वेता के पीछे पड़ जाती हैं। इसके बाद मां अपनी बेटी का बचाने के लिए सारी हदें पार करती हैं। इसी आधार पर कहानी आगे बढ़ाया जाता है।

# दर्शकों को अच्छी लगी कन्नप्पा की कहानी

मुंबई। बहुप्रतीक्षित फिल्म कन्नप्पा 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में विष्णु मांचू अहम किरदार में हैं। फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है। फिल्म के निर्माता मोहन बाबू हैं। इसकी कहानी कन्नप्पा के आस-पास घूमती है जो एक आदिवासी योद्धा है। भगवान शिव के प्रति उसकी गहरी आस्था है। कई दर्शकों ने इस फिल्म को सिनेमाघरों में देखा है और वह सोशल मीडिया पर इसके बारे में लिखा रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा 'फिल्म कन्नप्पा एक सिनेमाई जीत है। फिल्म की मनोरंजक कहानी और बेहतरीन पटकथा शुरू से अंत तक आपको बांधे रखती है। हर अभिनेता ने शानदार अभिनय किया है। विष्णु मांचू ने अपनी बेहतरीन अदाकारी से सभी को बांधे रखा है। इस बेहतरीन फिल्म को जरूर देखें। एक्स पर अपने विचार साझा करते हुए एक यूजर ने कहा कि फिल्म का पहला हिस्सा औसत है, जबकि दूसरा हिस्सा बहुत अच्छा है। उन्होंने कलाकारों की तारीफ की है और म्यूजिक को अच्छा बताया है। एक्स पर यूजर ने लिखा है 'कन्नप्पा फिल्म देखी। मैं इसे पांच में से 3.25 रेटिंग देता हूं। पहला पार्ट औसत से कम है। दूसरा हिस्सा सुपर ब्लॉकबस्टर है। विष्णु मांचू की एक्टिंग अच्छी है। प्रभास और मोहन बाबू ने भी अच्छा काम किया है। दूसरा हिस्सा फिल्म की जान है। फिल्म को जरूर देखें।'



# आरडी बर्मन के साथ गाए मुश्किल गाने

**मुंबई।** आरडी बर्मन बॉलीवुड के दिग्गज संगीतकार थे। शुक्रवार को उनकी 86वीं जयंती थी। इस मौके पर उनके संगीत प्रेमियों ने उन्हें याद किया। पद्म विभूषण से सम्मानित गायिका आशा भोसले दिवंगत संगीतकार आरडी बर्मन को श्रद्धांजलि देने उनके आवास पहुंचीं। आरडी बर्मन आशा भोसले के पति थे। आशा भोसले ने आरडी बर्मन की तस्वीर पर फूल चढ़ाए। उसके बाद उनके संगीत कॅरियर को श्रद्धांजलि देने के लिए हारमोनियम पर माला चढ़ाई। गायक आशीष शेलार ने आरडी बर्मन को श्रद्धांजलि अर्पित की। आशा भोसले ने आरडी बर्मन के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने दिग्गज कलाकार के न होने पर दुख जताया। उन्होंने कहा 'इतने साल हो गए हैं। हमने उनके साथ मुश्किल गाने गाए और अच्छे गाने गाए। हमने बहुत कुछ किया है। उनका जन्मदिन है, लेकिन वह यहां नहीं हैं। मुझे इस बात का बहुत दुख है। इसलिए, उनका जन्मदिन मनाते हुए, मैं बस उनके बारे में सोचती हूं। उनके बारे में सोचना बहुत अच्छा लगता है।' आपको बता दें बर्मन का पूरा नाम राहुल देव बर्मन था। उनका जन्म 27 जून, 1939 को कलकत्ता में गायक और संगीतकार सचिन देव बर्मन के घर हुआ था।





# जैकी के साथ शेयर की खास तस्वीरें...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने फिल्म 'द मिथ' में एक साथ काम किया था। शुक्रवार को एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया हैंडल पर जैकी चैन के साथ कई खास तस्वीरें शेयर कीं। इसके साथ ही मल्लिका ने एक खास नोट भी शेयर किया है। मल्लिका शेरावत ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी जैकी चैन के साथ कई शानदार तस्वीर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'मैं खुद को बहुत भाग्यशाली और बहुत आभारी महसूस करती हूं कि जैकी चैन हमारी फिल्म 'द मिथ' में मेरे सह-कलाकार थे। उनके साथ काम करना एक परिवर्तनकारी अनुभव था - न केवल उन्होंने मुझे सिखाया कि कैसे शानदार और सटीक तरीके से एक्शन सीक्वेंस करना है, बल्कि उन्होंने ऐसे दरवाजे भी खोले जिनकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। मैं हमेशा उनके मार्गदर्शन और दयालुता के लिए आभारी रहूंगी। द मिथ 2005 की मार्शल आर्ट फंतासी फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन स्टेनली टोंग ने किया है। स्टेनली, हाइशू और वांग हुई-लिंग के साथ मिलकर फिल्म लिखी है। यह फिल्म जैकी चैन द्वारा निर्मित है। हांगकांग-चीनी सह-निर्माण में बनी इस फिल्म में चैन के साथ टोनी लेउंग का-फई, किम ही-सन और मल्लिका शेरावत नजर आईं।

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से गायब हुए जेठालाल और बबीता!



**नई दिल्ली।** टेलीविजन के फेमस शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जेठालाल और बबीता जी को कौन नहीं जानता है। बता दें, दिलीप जोशी और मुनमुन दत्ता द्वारा निभाए गए किरदारों को दर्शकों की ओर से खूब पसंद किया जाता है, लेकिन अब दर्शकों को शायद ये किरदार देखने को न मिले। दरअसल, खबरें आ रही हैं, कि दिलीप जोशी और मुनमुन दत्ता ने 16-17 साल से चल रहे शो को छोड़ दिया है। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इस बात को कंफर्म नहीं किया गया है। दिलीप जोशी और मुनमुन दत्ता के तारक मेहता का उल्टा चश्मा से बाहर होने की अफवाह तब शुरू हुई जब दर्शकों ने देखा कि जेठालाल और बबीता जी लंबे समय से लेटेस्ट 'भूतनी' प्लॉट यानी भूतिया एपिसोड से गायब हैं। गोकुलधाम सोसायटी के सभी सदस्य भूतिया बंगले में छुट्टियां मना रहे हैं, जबकि बापू जी, पोपटलाल, सोढ़ी और अन्य जैसे अन्य किरदार इस छुट्टी पर तारक मेहता और अंजलि के साथ शामिल हुए हैं, लेकिन जेठालाल और बबीता जी गायब हैं। वहीं, भूतिया एपिसोड में दोनों का न दिखना दर्शकों को खटक रहा है, ऐसे में हर कोई जानना चाहता है कि क्या दिलीप जोशी और मुनमुन दत्ता शो छोड़ने की योजना बना रहे हैं? या शो छोड़ चुके हैं?

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 वेतन योग्यतनुसार (आवास फ्री PF +ESIC) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, (RO-074)

### टीचर

**आवश्यकता है-** जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव रायपुर (छ.ग.) प्राचार्य एक पद, एवं नर्सरी से लेकर 12वीं तक हिंदी मध्यम हेतु संपूर्ण विषयों के लिए शिक्षक / शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार साक्षात्कार तिथि 29/06/2025 दिन रविवार को समय 12 से 3:00 बजे तक स्थान- जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर संपर्क - 9098880026, 9669955991 (RO-6816)

**आवश्यकता है-** प्रोफेसर कॉलोनी स्थित उज्जवल पब्लिक स्कूल में नर्सरी से 10वीं (अंग्रेजी माध्यम) तक SST, संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिका की आवश्यकता है संपर्क- मो. 9827187027, 7000376167.(RO-139)

### ड्रायवर/लेबर

**आवश्यकता है-** आशिर्वाद किराया भंडार में ड्राइवर + लेबर कार्य हेतु एक लड़के की आवश्यकता है। वेतन 11000/- रुपये कार्य समय सुबह 9:00 से शाम 8:30 बजे तक पता- सुहागा मंदिर ब्राह्मण पारा रायपुर संपर्क करें- 9826182338.(RO-6813)

### सुपरवाइजर/ठेकेदार

**आवश्यकता है-** कंस्ट्रक्शन कार्य हेतु सुपरवाइजर, ठेकेदार, मिस्त्री, रेजा, कुली की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध है कंस्ट्रक्शन रायपुर तेलीबांधा में हैं संपर्क करें- मो. 9584400687.(RO-6815)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** थोक कपड़े व्यवसाय में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन एंव लडको की आवश्यकता है संपर्क समय 3 से 6 चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29 - 30 प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9425206658, 9977252503.(RO-7258)

### लेबर/ठेकेदार

**आवश्यकता है-** सिलतरा में बाइंडिंग वायर फैक्ट्री के लिए भट्टी चलाने के लिए लेबर (मजदूर), और बाइंडिंग वायर मशीन चलाने के लिए ऑपरेटर की आवश्यकता है, मजदूर (लेबर) ठेकेदार भी संपर्क करे:- 9243821851. (RO-141)

### मार्केटिंग कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट मार्केटिंग हेतु अनुभवी लड़के कि जरूरत है स्वयं की गाड़ी हो सैलरी योग्यतानुसार Yamico industries Raipur Contact: 9300009333, 9893982121.(RO-0027)

### आफिस कार्य

**आवश्यकता है-** प्रॉपर्टी ऑफिस में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है उम्र: 18 से 25 वर्ष, लोकेशन: रिसाली धनोरा वेतन: योग्यतानुसार + कमीशन संपर्क करें :- मो.- 98279-20202.(आरो न.-778)

### कुली/स्वीपर

**आवश्यकता है-** शादी भवन में काम करने हेतु कुली,स्वीपर (परिवार) की आवश्यकता है आवास सुविधा दी जाएगी इच्छुक संपर्क करें मोबाइल नंबर 9754222229, 9826181801.(RO-535)

### मैनेजर/मैकेनिक

**आवश्यकता है-** सिंमगा ब्रांच हेतु मैनेजर/ सुपरवाइजर /कैशियर/ मार्केटिंग/ सेल्समैन / मैकेनिक / ड्राइवर की टू व्हीलर शोरूम में आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क करें- 8602251000. (RO-7379)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** होलसेल दवाई दुकान में काम करने के लिए लडको की जरूरत है पता किरण सेल्स माता गरेज के पीछे कांच घर के पास mo 9425219482.(RO-om)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** समीर ट्रेवल्स दुर्ग में कार चलाने हेतु ड्रायवरों की आवश्यकता है आकर्षक वेतन के साथ, सुबह से शाम इ्यूटी संपर्क करें:- मो. 72240-62041, 93017-44445. (आरो न.-779)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** बच्चा सँभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की)चाहिये। रहना एवं ख़ाना दिया जाएगा। स्थान तेलीबंधा , रायपुर सम्पर्क करे: 9575042814.(RO-om)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

### अन्य कर्मी

**आवश्यकता है-** जॉब उपलब्ध-लड़के-लड़कियों की जो ब्यूटी ट्रीटमेंट अथवा एक्यूप्रेशर थैरेपी सेंटर से 15 से 20,000/- महिना कमाए (ट्रेनिंग फ्री, काम सिखाया जाएगा), फ्रेशर्स भी पार्टटाइम/फुल टाइम, इंटरव्यू मिले 7974071852, 7828604032 तेलीबांधा(RO-6814)

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 725 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार)- 7392890179.(RO-985)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000- 45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9204441270.(RO-984)

## Business व्यापार

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित संपर्क:- APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर कोरबा- 9826020603. (RO-080)

हरिभूमि

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट

**बेचना है-** शंकर नगर स्थित वैलकम हाईटस आपर्टमेन्ट के चौथे माले मे 2 bhk फ्लैट 22 लाख मे तुरन्त बेचना है संपर्क- 6266302027. (RO-09)

### प्लाट

**बेचना है-** रायपुर रोड में बिलासपुर हाईकोर्ट के सामने, एयरपोर्ट रोड, मेन रोड से 50मी. अन्दर 50×200 वर्गफीट, व्यावसायिक, डायवर्सन, बाउन्ड्रीवाल, कार शोरूम, आटोमोबाईल, होटल एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु उपयुक्त प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें- 9300310774. (RO-1470)

## For Rent किराया

**मकान किराये से देना है-** रायपुर रिंग रोड- 01, उद्योग भवन के सामने परशुराम नगर स्थित E36, प्रथम तल 2BHK सर्वसुविधायुक्त मकान किराये से देना है। शाकाहारी एवं सरकारी/ अर्धसरकारी परिवार को प्राथमिकता! 9302999000.(RO-7378)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### CLASSIFIED RATE CARD

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — 01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152**

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### कोलकाता में फिर ....

में 9 अगस्त, 2024 को महिला डॉक्टर का रेप हुआ और बाद में उसकी हत्या कर दी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके साथ बर्बर रेप की बात सामने आई, जिसके बाद देशभर में डॉक्टरों का विरोध शुरू हो गया और डॉक्टरों ने भूख हड़ताल की। पुलिस ने रेप-हत्या मामले में अस्पताल के स्वयंसेवक संजय रॉय को गिरफ्तार किया था। आरोपी संजय को उम्रकैद की सजा मिली है।

**टीएमसी ने दावा किया खारिज :** हालांकि, टीएमसीपी ने इन दावों को ख़ारिज किया है और कहा है कि मुख्य अभियुक्त कई सालों से उनके संगठन में सक्रिय नहीं थे। हालांकि, उन्होंने ये बताया कि वह कॉलेज में अस्थायी कर्मचारी के तौर पर काम कर रहे थे। टीएमसी प्रवक्ता ने कहा कि विपक्षी दल अपनी नाकामियां छुपाने हर किसी मामले में टीएमसी का नाम जोड़कर सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं।

### सीएम यादव के ....

पेट्रोल पंप को सील कर दिया। गुरुवार रात करीब 10 बजे सीएम काफिले की 19 कारें रतलाम शहरी सीमा के डोसीगांव स्थित भारत पेट्रोलियम के शक्ति फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर डीजल भरवाने पहुंची थीं। डीजल भरवाने के कुछ ही समय बाद सभी गाड़ियां कुछ दूरी पर जाकर बंद हो गईं। गाड़ियों धक्का लगाकर सड़क किनारे खड़ा कर जब डीजल चेक किया तो उसमें पानी मिला।

**इंदौर से मंगवाई नई गाड़ियां, पंप सील :** सीएम यादव के कार्यक्रम को सुचारू रखने इंदौर से नई गाड़ियों की व्यवस्था कर रतलाम रवाना किया गया ताकि शुक्रवार को आयोजित होने वाले एमपी राइज कॉन्क्लेव में कोई बाधा न आए। संबंधित पेट्रोल पंप शक्ति फ्यूल्स, इंदौर निवासी शक्ति पति एचआर बुंदेला के नाम पर है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने रात में ही पेट्रोल पंप को सील कर दिया।

**पेट्रोल टैंक में रिसाव होने की आशंका :** मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने भारत पेट्रोलियम के एरिया मैनेजर श्रीधर को बुलाया। मैनेजर ने संभावना जताई कि बारिश के कारण पेट्रोल टैंक में पानी का रिसाव हुआ हो सकता है। नायब तहसीलदार आशीष उपाध्याय ने भी बारिश के कारण पेट्रोल टैंक में पानी का रिसाव होने की आशंका व्यक्त की है।

### रिटायर होने से ....

सुरेश मिश्रा की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है। फिलहाल पुलिस इस संबंध में कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि ग्राम ढेका में अधिग्रहित भूमि के मुआवजा प्रकरण में फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने के आरोप में तत्कालीन तहसीलदार डीएस उइके और तत्कालीन पटवारी सुरेश कुमार मिश्रा पर तोरवा थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। जिला स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अब आगे की कार्रवाई रही है। इधर प्रशासन की ओर से एफआईआर के एक दिन पहले ही पटवारी को निलंबित किया गया है। आशंका है कि इन्हीं सब कारणों से पटवारी ने फांसी लगाई है। शनिवार को पटवारी का पीएम कराया जाएगा। इससे मामला और स्पष्ट होगा।

### दो दिन पहले ....

परियोजना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 130 ए मुख्य मार्ग ग्राम ढेका में भू अर्जन में अनियमितता की शिकायत की जांच जिला स्तरीय समिति द्वारा की जा रही है। जांच में राजस्व अभिलेखों में कूटरचना, अविधिक रूप से दर्ज नामांतरण, बंटवारा के कारण अधिक मुआवजा राशि का गबन होना पाया गया है, जिससे शासन को आर्थिक क्षति हुई थी।

### गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया ....

ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े नौ बजे हुई इस घटना के बाद गंभीर रूप से घायल हरजीत कौर को अमृतसर के एक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई जबकि करणवीर को बटाला सिविल अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। सोशल मीडिया पर बंबिहा गिरोह ने कुछ पोस्ट कर हमले की जिम्मेदारी ली। इन पोस्ट में संकेत दिया गया है कि करणवीर ही निशाना था लेकिन जग्गू की मां जबरन मारी गईं। सिविल लाइंस क्षेत्र में कादियां रोड पर हुई यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। घटना के सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर पीछे बैठा एक हमलावर कार के अंदर बैठे पीड़ितों पर अंधाधुंध गोलियां चलाता दिख रहा है। बटाला के पुलिस उपाधीक्षक परमवीर सिंह ने कहा, /" बाइक पर सवार अज्ञात बदमाशों ने उन पर कार में बैठे समय गोलियां चलाईं। हरजीत को अमृतसर के एक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई।

### सरगुजा में दो ....

और विभिन्न विभागों से इस कार्य के लिए अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई।

### घोड़ों की मौत ....

तैयार किए गए गड्ढों में प्रोटोकोल के तहत दफ़न किया गया।

## पेज एक के शेष

### टाइगर रिजर्व में...

नक्सली एंबुस में फंसकर शहीद हो गए थे। दहशत में तीन साल काम ही नहीं हुआ था। यह अधूरी सड़क है, 130 सी धवलपुर दबनई नाला से आमामोरा कुकराल तक कुल 31.65 किमी लंबी। यह इलाका टाइगर रिजर्व क्षेत्र है, वन विभाग के अफसरों का कहना है टाइगर रिजर्व क्षेत्र होने के कारण सड़क निर्माण के लिए वाइल्ड लाइफ और फारेस्ट एनओसी लेना अनिवार्य है। गरियाबंद मैनपुर नेशनल हाईवे 130 सी धवलपुर दबनई नाला से आमामोरा कुकराल तक 31.65 किमी सड़क निर्माण कार्य के लिए वर्ष 2007-08 में स्वीकृति मिली थी। इस सड़क पर बेहद खतरनाक और डेंजर जोन स्थल तक लगभग 12.27 किमी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन एरिया क्षेत्र में आने के कारण सड़क निर्माण कार्य में फिर एक बार रोक लगी है। यहां 8 किमी सीसी सड़क समेत 12.27 किमी सड़क ही पूरी बनी है, इसके अलावा 10 किमी पर डामर डालना शेष रह गया है।

**1600 मीटर को छोड़कर सभी सड़क एरिया टाइगर रिजर्व :** डीजीपीए सर्वे के मुताबिक पूरे निर्माण क्षेत्र में केवल 1600 मीटर का हिस्सा छोड़ सभी टाइगर रिजर्व में आता है, जो 17 हेक्टेयर जमीन पर है। एनओसी के लिए भरे जाने वाले 44 बिंदुओं में 3 बिंदू वन व वन्य प्राणी से संबंध है। तय नियम के मुताबिक निर्माण क्षेत्र में आने वाले भूमि के दोगुने क्षेत्रफल में पौधा रोपण करना होगा। इसके अलावा सर्वे और अन्य खर्च मिलाकर एनओसी तक प्रति हेक्टेयर 60-65 लाख का खर्च होगा कुल खर्च 10 करोड़ से ज्यादा होगा।

### घटनाक्रम पर एक...

नक्सलियों ने एडिशनल एसपी राजेश पवार समेत 09 जवानों को एंबुश में फंसा कर हत्या कर दी थी। इस सड़क में एडिशनल एसपी सहित 09 जवान शहीद हो गए। 2011 में जुलाई अगस्त तक माओवाद की इस क्षेत्र में गहरी पैठ होने के कारण दहशत के चलते ठेकेदार ने काम बंद कर दिया। वहीं, 2015 में बम धमाके में इस मार्ग में दो जवान और शहीद हो गए। लगातार पुलिस के दबाव के चलते नक्सली दहशत थोड़ा कम होने पर वर्ष 2022 में एक बार फिर सड़क काम को शुरू करने की पहल हुई। रिवाइज स्टीमेट बनाया गया, लागत बढ़ कर 23.34 करोड़ हुई। काम को पांच भागों में बांटकर दो साल में 23 बार टेंडर कॉल किया गया। 24वें कॉल में 2023 में कार्य के लिए अनुबंध भी हो गया और तो और सीआरपीएफ पुलिस बल जवानो की सुरक्षा में काम भी शुरू हुआ, उसके बाद मार्च 2025 में काम बंद हो गया।

### विधायक जनक ध्रुव ने...

कार्य जल्द प्रारंभ करवाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने इस सड़क निर्माण के लिए एनओसी दिलाने की मांग किया है।

### अब 2 से 10 एकड़...

बनाने का रास्ता साफ हो जाएगा।

**ये है किफायती आवास योजना :** राज्य सरकार ने इस काम के लिए छत्तीसगढ़ किफायती आवास योजना 2025 बनाई है। इसके तहत कम कीमत वाले आवास बनाए जाए। ऐसी आवासीय इकाइयों में जिसमें भूखंड का क्षेत्रफल अधिकतम 150 वर्ग मीटर एवं प्रति प्रकोष्ठ इकाई का क्षेत्रफल अधिकतम 90 वर्ग मीटर होगा। यह योजना ऐसे भूखंड पर क्रियान्वित की जा सकती है जो परिवार के सदस्यों ने आपस में न बांटा हो। लेकिन इसमें सामूहिक आवास और संयुक्त आवास शामिल होंगे। बिल्डर या कालोनाइजर की ये होगी भूमिका : इस योजना में बिल्डर या कॉलोनाइजर की भूमिका के संबंध में सरकार ने साफ किया है कि योजना में कॉलोनाइजर से मतलब ये होगा कि नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम के अधीन गठित विकास प्राधिकरण, रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसायटी या रजिस्ट्रार सहकारी सोसायटी से रजिस्ट्रीकृत कोई सोसायटी या कोई अन्य रजिस्ट्रीकृत संस्था जिसमें शामिल कोई व्यक्ति या संस्था जो कृषि भूमि सहित अन्य किसी भी भूमि को भूखंड़ो या समूह आवास( ग्रुप हाउसिंग) में विभाजित करने के प्रयोजन के लिए उस क्षेत्र का विकास करते हुए कालोनी की स्थापना करने का काम हाथ में लेने का इरादा रखता हो।

### इस नियम से...

मीटर होगी एवं यह 9 मीटर चौड़ी सड़क सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। खुला स्थान योजना का न्यूनतम पांच प्रतिशत होना चाहिए। 18 मीटर चौड़ा रास्ता होना चाहिएअगर योजना कृषि की जमीन पर प्रस्तावित की जाती है तो योजना के लिए प्रस्तावित स्थल के 1 किलोमीटर की परिधी के अंतर्गत संबंधित क्षेत्र की विकास योजना के अनुसार प्रस्तावित या वर्तमान में 18 मीटर चौड़ा मार्ग होना चाहिए। भूखंड का अधिकतम आकार 150 वर्ग मीटर होगा। कृषि क्षेत्र में अधिकतम 1.5 अन्य क्षेत्र में प्रभावशील विकास योजना के अनुसार मान्य होगा। भवन की अधिकतम उंचाई 9 मीटर( स्टील्टस मम्टी पैरापेट वाल को छोड़कर, तथा अधिकतम तलों की संख्या ग्राउंड प्लस 2 होगा। आवासीय प्रकोष्ठ के भवनों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

# माता परमेश्वरी देवी के निधन पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव समेत कई नेताओं ने व्यक्त किया शोक

## कल एमडीयू के टैगोर सभागार में होगी श्रद्धांजलि सभा

स्मृति



**रोहतक।** प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री, राज्य सरकार के मंत्री, पूर्व मंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा दुख प्रकट किया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव सिंधु निवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। उन्होंने दिवंगत परमेश्वरी देवी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। रविवार 29 जून को एमडीयू के टेगौर सभागार में परमेश्वरी देवी जी की श्रद्धाजंलि सभा आयोजित की जाएगी।



केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि परमेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। उन्होंने अपने परिवार को अच्छे संस्कार दिए।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भी शोक प्रकट किया। कहा कि परमेश्वरी देवी एक आदर्श महिला थीं, जिन्होंने अपने जीवन में सेवा और संस्कारों को प्राथमिकता दी। उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। एक महिला के रूप में परमेश्वरी देवी जी ने अपनी भूमिका को पूरी गरिमा से निभाया। उन्होंने अपने परिवार को देश सेवा के लिए तैयार किया, यह उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय सिंह यादव भी शोक जताने पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि मैं कैप्टन अभिमन्यु और उनके परिवार के दुख में बराबर का भागी हूं। परमेश्वरी देवी बहुत ही संस्कारी महिला थीं। जिन्होंने अपना जीवन जनकल्याण के कार्यों में लगाया।

पीजीआईएमएस के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने माता परमेश्वरी देवी के निधन पर सिंधु भवन पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि परमेश्वरी देवी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। उनके परिवार में जो मूल्यों की नींव है, वह उनके ही कारण है।

हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने भी माता परमेश्वरी देवी के निधन पर गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि माताजी का जीवन सादगी, सेवा और श्रद्धा का प्रतीक था। परिवार ने एक मार्गदर्शक स्तंभ खो दिया है। उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो पाएगी।

पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद ने माता परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिवार को दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा माता परमेश्वरी देवी बहुत ही संस्कारी महिला थी। उन्होंने पूरे परिवार को एक साथ संजो कर रखा। उनके संस्कारों की वजह से ही परिवार हर क्षेत्र में कार्य कर रहा है।

### इन्होंने दी श्रद्धांजलि

हिसार सांसद जयप्रकाश, पूर्व सांसद स्वामी समुधानंद, पूर्व मंत्री कर्णदेव कम्बोज, पूर्व मंत्री कंवर पाल गुज्जर, पूर्व विधायक पालम धर्मदेव सौलंकी, विधायक पानीपत प्रमोद विज, पूर्व विधायक छपरोली यूपी सहेंद्र रमाला, विधायक नांगल चौधरी मंजू चौधरी, पूर्व विधायक बाडढ़ा सुखविंद्र मांडी, पूर्व विधायक अमित सिहाग, पूर्व विधायक जसबीर मल्लोर, भाजपा नेता दिल्ली नंद राम बागड़ी, राष्ट्रीय सचिव बीजे वाईएन ,



भाजपा यूथ मोर्चा से सरदार तेजेंद्र बग्गा, पूर्व विधायक गुहला कुलवंत बाजीगर, पूर्व विधायक अरविंद खन्ना, ओएसडी टू सीएम वीरेंद्र बड़खालसा, ओएसडी टू सीएम राकेश संधू, चेयरमैन शुगर फेड्रेशन धर्मबीर डागर, सांसद सोनीपत सतपाल ब्रहमचारी, पूर्व विधायक महम बाली पहलवान, भाजपा नेता विशाल सेठ, रमेश मलिक हसनगढ़, सिरसा भाजपा नेता रोहताश जांगड़ा, गुरुग्राम से नवीन गोयल, वैश्य शिक्षण संस्थान के उप प्रधान दीपक जिंदल, भाजपा नेता भाग सिंह दमदमा, डॉ विनय, डॉ पुरषोतम, डॉ पीके शर्मा, डीजीपी हरियाणा शत्रुजीत कपूर, एडीजी हरियाणा वाई पूर्ण कुमार, एसपी रोहतक नरेंद्र बिजराणिया, सेवानिवृत एसपी द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप दहिया, पूर्व उत्तर क्षेत्र प्रचारक रामेश्वर दास, पूर्व उत्तर क्षेत्र प्रचारक आरएसएस बनबीर, प्रांत प्रचारक सुरेंद्र पाल, आरएसएस से रविंद्र सक्सेना, महामंडलेश्वर विद्या स्वरूप, प्रचारक हिंदु धर्म गुरुग्राम आचार्या अरुण कृष्ण, सैनी सभा प्रधान अवनीश सैनी, चहल खाप प्रधान बलबीर चहल, खाप प्रधान पालम सुरेंद्र सौलंकी, किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी, राष्ट्रीय कवि संगम के अध्यक्ष जगदीश मित्तल, कर्नल ओपी सिंधु, कर्नल रोहित चौधरी, शहीद भगत सिंह का सुपोत्र यादवेंद्र सिंह संधू आदि पहुंचे।








## जापान में नौ लोगों के हत्यारे को फांसी

**तोक्यो।** जापान में तोक्यो के निकट अपने अपार्टमेंट में नौ लोगों की हत्या करने और शवों के टुकड़े-टुकड़े करने के दोषी व्यक्ति को शुक्रवार को फांसी दे दी गई। न्याय मंत्रालय ने यह जानकारी दी। 'ट्विटर किलर' के नाम से पहचाने जाने वाले ताकाहिरो शिराशी को 2017 में नौ लोगों की हत्या करने के जुर्म में 2020 में मौत की सजा सुनायी गयी थी। इस घटना में मारे गए ज्यादातर लोगों ने सोशल मीडिया पर आत्महत्या के विचार पोस्ट किए थे। शिराशी को उन महिलाओं के यौन शोषण का भी दोषी ठहराया गया, जिनकी उसने हत्या कर दी थी। यह फांसी ऐसे समय में दी गई है जब विश्व में सबसे लंबे समय से जेल की सजा काट रहे और मृत्युदंड पाने वाले इवाओ हाकामाडा को पिछले वर्ष बरी किए जाने के बाद से जापान में मौत की सजा को समाप्त करने की मांग बढ़ रही है। शिराशी को अत्यधिक सुरक्षा के बीच तोक्यो डिटेंशन हाउस में फांसी दी गयी।

## राशिफल


मामले का खुलासा करते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने प्रेसवार्ता में बताया कि प्रारंभिक जांच में अलग-अलग राज्यों से 1 करोड़ 15 लाख 77 हजार 5 रुपए की धोखाधड़ी की जानकारी का पता लगा है। आरोपियों से जब्त बैंक खातों में अलग-अलग राज्यों से 46 से अधिक शिकायत दर्ज है। वहीं मुम्बई से गिरफ्तार आरोपियों से लगभग 150 बैंक खातों का उपयोग आरोपी अब्दुल मजीद ने सायबर अपराध में किया है यह सभी बैंक खाते आजमगढ़ उत्तरप्रदेश में खोले गए है। गिरफ्तार आरोपियों में अब्दुल मजीद 45 साल निवासी ग्राम पोखरिया, थाना नारायणपुर जिला जामताड़ा झारखण्ड के अलावा ग्राम भगवतीपुर, ठेकमा बाजार थाना बरदा जिला आजमगढ़ यूपी निवासी कार्तिकेय राय उर्फ सत्यम 20 वर्ष व संतोष कुमार 41 वर्ष शामिल है।

## छत्तीसगढ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग नारायणपुर वनमण्डल नारायणपुर

**काष्ठागार नारायणपुर का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि नारायणपुर वनमण्डल के अंतर्गत नारायणपुर काष्ठागार में संग्रहित पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि, ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमण्डल / वन काष्ठागार नारायणपुर से प्राप्त की जा सकती हैं।

**नीलाम दिनांक- 04.07.2025 नीलाम समय - प्रातः 12.00 बजे से**

| प्रजाति | पुराना वनोपज (काष्ठ) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ईमारती काष्ठ | | बल्ली | डेंगरी |
| | नग | (घ.मी.) | (नग में) | (नग में) |
| साल | 4790 | 642.232 | 74 | 68 |
| सागौन | 186 | 14.721 | 4 | 27 |
| साजा | 763 | 81.602 | 67 | 59 |
| बीजा | 254 | 31.472 | 7 | 9 |
| धावड़ा | 31 | 4.374 | 4 | 0 |
| तेन्दू | 0 | 0 | 12 | 9 |
| तिन्सा | 37 | 4.514 | 12 | 4 |
| हल्दू | 5 | 0.497 | 1 | 0 |
| अन्य | 297 | 23.202 | 15 | 7 |
| **योगः-** | **6363** | **802.596** | **196** | **183** |

**दूरभाष क्रमांक- नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर (07781-252228)**

1. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है। 4. ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेंकड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेंकड का समय प्राप्त होगा। 5. ईमारती काष्ठ पुराना 112 लॉट है।

वन मण्डलाधिकारी
नारायणपुर वन मण्डल, नारायणपुर

G-252601857/4

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 09.07.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | नि.आ. सू.क./ दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 121 | जिला मुंगेली के मुंगेली लोरमी मार्ग के कि.मी. 13/2 से 27/2 = 14.20 कि.मी में रोड मार्किंग एवं साईन बोर्ड कार्य । **द्वितीय आमंत्रण । मुंगेली संभाग, मुंगेली । मद संख्या 64-5054 - 4557 (सुदृढ़ीकरण)** | 36.26 |
| 2 | 122 | मुंगेली उपसंभाग अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्ग, अन्य जिला मार्गो एवं ग्रामीण मार्गो में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच रिपेयर कार्य । **द्वितीय आमंत्रण । मुंगेली संभाग, मुंगेली । मद संख्या-24-3054** | 69.98 |
| 3 | 123 | उपसंभाग पामगढ़ के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम./ बी. टी. पेच रिपेयर कार्य । **द्वितीय आमंत्रण । चांपा संभाग, चांपा । मद संख्या-24-3054** | 44.96 |
| 4 | 124 | उपसंभाग चांपा एवं जांजगीर के विभिन्न मार्गों में बी. टी. पेच रिपेयर कार्य । **द्वितीय आमंत्रण । चांपा संभाग, चांपा । मद संख्या-24-3054** | 55.00 |
| 5 | 125 | चांपा सब डिविजन के अंतर्गत डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच का कार्य (सेक्शन हसौद, जैजैपुर, और बाराद्वार) । **द्वितीय आमंत्रण । सक्ती संभाग, सक्ती । मद संख्या - 24-3054-0134** | 40.00 |
| 6 | 126 | अनुविभाग सक्ती के अंतर्गत मालखरौदा एवं डभरा में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच का कार्य । **द्वितीय आमंत्रण । सक्ती संभाग, सक्ती । मद संख्या - 24-3054-0134** | 35.00 |
| 7 | 127 | अनुविभाग सक्ती के अंतर्गत डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच का कार्य । (सेक्शन सक्ती 01 और 02 ) **द्वितीय आमंत्रण । सक्ती संभाग, सक्ती । मद संख्या-24-3054-0134** | 25.00 |
| 8 | 128 | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग कोरबा अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच रिपेयर कार्य । **द्वितीय आमंत्रण । कोरबा संभाग, कोरबा । मद संख्या- 24-3054** | 25.00 |
| 9 | 129 | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग भैसमा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच रिपेयर कार्य । **द्वितीय आमंत्रण । कोरबा संभाग, कोरबा । मद संख्या- 24-3054** | 25.00 |
| 10 | 130 | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग क्र.-1 कटघोरा अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू. एम एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य **द्वितीय आमंत्रण। कोरबा संभाग, कोरबा । मद संख्या 24-3054** | 25.00 |
| 11 | 131 | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग क्र.-2 कटघोरा अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम एम. एवं बी. टी. पेच रिपेयर कार्य। **द्वितीय आमंत्रण । कोरबा संभाग, कोरबा । मद संख्या 24-3054** | 25.00 |
| 12 | 132 | लोक निर्माण विभाग, कोरबा संभाग कोरबा अंतर्गत आवासीय/ गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत/ लघुमूल गौण कार्य । **द्वितीय आमंत्रण । कोरबा संभाग, कोरबा । मद संख्या 67-2059-3383** | 24.99 |
| 13 | 133 | लोक निर्माण विभाग, कोरबा संभाग कोरबा अंतर्गत आवासीय/ गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत एवं वाटर प्रुफिंग कार्य । **द्वितीय आमंत्रण । कोरबा संभाग, कोरबा । मद संख्या- 67-2216-4489** | 30.00 |
| 14 | 134 | कोरबा न्यायालय भवन कटघोरा जिला कोरबा में 02 अतिरिक्त न्यायालय कक्ष एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य । **द्वितीय आमंत्रण । कोरबा संभाग, कोरबा । मद संख्या- 67-40-59-24-50** | 58.00 |
| 15 | 135 | उपसंभाग मरवाही के अंतर्गत मरवाही कटरा बेलझिरिया कांसबहरी मार्ग 19.60 कि.मी., बरौर उषाढ़ मार्ग 10.60 कि.मी, सेवरा धनपुर सिवनी लखनघाट चंगेरी मार्ग के कि.मी. 4, 7 से 36/6 30.60 कि.मी., मरवाही परासी चंगेरी मार्ग के कि.मी. 1/2 से 9/4 = 8.40 कि.मी., भर्रीडांड से पीपरडोल मार्ग 4.00 कि.मी. एवं परासी से भेड़वानाला मार्ग 1.20 कि.मी कुल लं. 74.40 कि.मी. में डब्ल्यू एम. एम. एवं बी. टी. पेच रिपेयर का कार्य । **द्वितीय आमंत्रण । पेण्ड्रा संभाग, पेण्ड्रारोड । मद संख्या - 24-3054-7983** | 60.00 |
| 16 | 136 | भूतपूर्व सैनिक कल्याण एकीकृत परिसर सह- मेडिकेयर परिसर रायगढ़ के निर्माण कार्य । **द्वितीय आमंत्रण । रायगढ़ संभाग । मद संख्या - 67 - 4059-9262** | 126.03 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि.,बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

G- 252601844/3

## कार्यालय कलेक्टर, जिला-बालोद (छ.ग.)

**// सार्वजनिक सूचना //**

क्रमांक /4100/कले./ भू-अर्जन/भूक्रनी/2025 बालोद, दिनांक 13/06/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बालोद द्वारा गड़ईनडीह से घीना मार्ग निर्माण कार्य के लिये ग्राम डेंगरापार प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. सुरेगांव तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद के निम्नानुसार कृषकों/ भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बालोद के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा हैः-

| क्र. | भू-धारकों का नाम | खसरा नं. | कुल रकबा (हे. में) | क्रय हेतु प्रस्तावित रकबा (हे.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्री डोमेन्द्र, अश्वनी, संतोषी रेखा पिता शारदा दशोदा उर्फ यशोदा पति शारदा लेखराम रेशराम रेवाराम, भोजबाई रजवंतीन पिता सखाराम, राधेलाल, श्यामलाल, रेवती बाई उर्फ यशोदा पिता प्रेमलाल, रामकली पति प्रेमलाल, हरीश कुमार ठाकुर, जितेन्द्र कुमार ठाकुर, राजेश्वरी पिता कुजू राम जाति कंवर निवासी डेंगरापार तहसील डौण्डीलोहारा | 196 | 0.28 | 0.12 |
| 2 | दल्लूराम, राजबाई, सरोजबाई, इंदरबती, महाबती, कुमारीबाई पिता हीरालाल, बिसकुंवर पति हीरालाल जाति तेली निवासी डेंगरापार तहसील डौण्डीलोहारा | 197 | 0.87 | 0.05 |
| 3 | फुलबासन बाई पति बिशेश्वर सिंह जाति गोड निवासी डेंगरापार तहसील डौण्डीलोहारा | 191 | 1.45 | 0.27 |
| 4 | समयलाल ठाकुर, जितेन्द्र कुमार, लक्ष्मीबाई, अंजना बाई, मीना बाई, उमेश्वरी बाई पिता सुकालूराम, गोदावरी बाई पति सुकालूराम, शिवभगत, शिवकुमार उर्फ गजनराम, दुर्गिन, निर्मला उर्फ नीराबाई पिता जयलाल, कन्हैया पिता झमालू जाति हल्बा निवासी ग्राम निवासी ग्राम डेंगरापार तहसील डौण्डीलोहारा | 258/1 | 0.58 | 0.16 |
| | योग | 4 | 3.18 | 0.60 |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो जारी दिनांक से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
जिला- बालोद (छ.ग.)

G- 252601845/1

## CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.

(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A successor company of CSEB) (CIN-U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 Fax No. : 0771-2574146 e-mail:ceciviltrans.raipur@cspc.co.in Website : www.cspc.co.in

**No.-04-01/Trans./Works/1085** **Raipur, dtd. 25.06.2025**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

**1. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/25, Rfx No.- 8100043712,** Construction of new 33 KV feeder bay at 132 KV S/s Dallirajhara under S/s Dn. CSPTCL Rajnandgaon for the proposed BSP Mines S/s (3X5 MVA); **NIT Value:-** Rs. 8.44 Lakhs **& EMD:-** Rs 8,500/-, **Completion Period:-** 03 Months. **2. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/26, Rfx No.- 8100043464,** Construction of 2.10 m high balance boundary wall with gate at 132 KV S/s Khairagarh.; **NIT Value:-** Rs. 11.43 Lakhs **& EMD:-** Rs 11,500/-, **Completion Period:-** 05 Months. **3. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/27, Rfx No.- 8100043550,** Renovation of court yard fencing by providing 1.50 meter height new chain link fencing at staff quarters of 220/132/33 KV S/s colony Bhatapara.; **NIT Value:-** Rs 10.81 Lakhs **& EMD:-** Rs 10,900/-, **Completion Period:-** 03 Months. **4. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/28, Rfx No.- 8100043852,** Construction of 01 No. 132 KV feeder bay for 2nd circuiting of 132 KV Mungeli - Pandariya line at 132/33 KV S/s Mungeli.; **NIT Value:-** Rs 6.40 Lakhs **& EMD:-** Rs 6,400/-,**Completion Period:-** 03 Months. **5. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/29, Rfx No.- 8100043830,** Extension of control room building at 220/132/33 KV Sub-station Gerwani.; **NIT Value:-** Rs 32.84 Lakhs **& EMD:-** Rs 32,900/- ,**Completion Period:-** 06 Months. **6. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/30, Rfx No.- 8100043680,** Construction of chain link mesh fencing and main gate at 220/132 KV S/s colony Bhatapara.; **NIT Value:-** Rs 5.39 Lakhs **& EMD:-** Rs 5,400/-,**Completion Period:-** 02 Months. **7. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/31, Rfx No.- 8100043741,** Providing and fixing chain link mesh fencing around sports ground at CSPCL Danganiya Premises Raipur.; **NIT Value:-** Rs 16.10 Lakhs **& EMD:-** Rs 16,100/-,**Completion Period:-** 03 Months. **8. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/32, Rfx No.- 8100044104,** Construction of additional 33 KV feeder bay for accommodation proposed 33 KV jota feeder of CSPDCL at 220/132/33 KV S/s Kuthrel (Dharsiwa) under EE (S/s) Dn.-I, CSPTCL Raipur.; **NIT Value:-** Rs 6.79 Lakhs **& EMD:-** Rs 6,800/-,**Completion Period:-** 02 Months. **9. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/33, Rfx No.- 8100043508,** Renovation of staff quarters at 400/220/132 KV S/s Parchanpal Jagdalpur.; **NIT Value:-** Rs 9.39 Lakhs **& EMD:-** Rs 9,400/-,**Completion Period:-** 04 Months. **10. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/34, Rfx No.- 8100043719,** Construction of retaining wall with 2.40 m height boundary wall and dismantling work at 132/33 KV S/s Kondagaon.; **NIT Value:-** Rs 47.29 Lakhs **& EMD:-** Rs 47,300/-,**Completion Period:-** 04 Months. **11. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/35, Rfx No.- 8100043939,** Construction of 02 Nos. additional 33 KV feeder bay for accommodation proposed 33 KV Asnind and Girodhpuri feeder of CSPDCL at 132/33 KV S/s Kasdol under EE (S/s) Dn.-I, CSPTCL Raipur.; **NIT Value:-** Rs 17.24 Lakhs **& EMD:-** Rs 17,300/-,**Completion Period:-** 03 Months. **12. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/36, Rfx No.- 8100044598,** Construction of 01 No. 132 KV feeder bay for grid connectivity to M/s Shree Rupanadham Steel Pvt. Ltd. for their steel plant having 10 MW Captive power plant from 220/132/33 KV S/s Gerwani under S/s Dn. CSPTCL Raigarh.; **NIT Value:-** Rs 7.01 Lakhs **& EMD:-** Rs 7,100/- ,**Completion Period:-** 02 Months. **13. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/37, Rfx No.- 8100044599,** Construction of 01 Nos. 33 KV feeder bay in respect of GM SECL Raigarh area at Chhal OCP, Vill. Khedapali Distt. Raigarh BP No. 1030053 for new 4000 KVA HT demand from 132/33 KV S/s CSPTCL, Chaple under S/s Dn.,CSPTCL, Raigarh.; **NIT Value:-** Rs 12.42 Lakhs **& EMD:-** Rs 12,500/- ,**Completion Period:-** 02 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01, 02, 03, 04, 06, 07, 08, 09, 11, 12, 13 is Rs.2000/- (i/c GST), Sl. No.- 05, 10 is Rs.5000/- (i/c GST),** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 21.07.2025 for Sl. No.- 01, 02; dt. 22.07.2025 for Sl. No.- 03, 04; dt. 23.07.2025 for Sl. No.- 05, 06, dt. 25.07.2025 for Sl. No.- 07, 08; dt. 28.07.2025 for Sl. No.- 09, 10; dt. 29.07.2025 for Sl. No.- 11, 12; dt. 30.07.2025 for Sl. No.- 13.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.

SAVE ELECTRICITY (Sanjay Tiwari)
Chief Engineer (Civil) CSPTCL, Raipur

### दोनों देशों के बीच लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा की जा रही

# ट्रंप ने कहा : भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक ''बहुत बड़ा'' व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, ''हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा...'' ट्रंप ने कहा, 'चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं।'' राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं।

■ ट्रंप ने विधेयक पारित करने के एक कार्यक्रम यह बात कही



#### दोनों देश अंतरिम समझौते के लिए बात कर रहे

*ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए बृहस्पतिवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं।*

#### हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे

ट्रंप ने कहा, '' याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था, '' क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं।'' राष्ट्रपति ने कहा, '' हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे।

#### भारत ने अब तक दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला

भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है।भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत की मांग कर रहा है।

#### अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते पर हुए हस्ताक्षर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही भारत के साथ भी समझौता हो जाएगा। वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने 'ब्लूमबर्ग टीवी' को बताया कि चीन के साथ इस सप्ताह की शुरुआत में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। ट्रंप और लुटनिक दोनों ने ही समझौते के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार देर रात कहा, '' हमने अभी-अभी चीन के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।''

#### समझौते पर दो दिन पहले हस्ताक्षर

लुटनिक ने कहा कि इस समझौते पर दो दिन पहले ही ''हस्ताक्षर'' किए गए। उन्होंने कहा, '' राष्ट्रपति को समझौते करने हैं...हम एक के बाद एक समझौते करने जा रहे हैं।'' चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि दोनों पक्षों ने ''समझौते की रूपरेखा के विवरण की पुष्टि की है।'' लेकिन उसके बयान में स्पष्ट रूप से दुर्लभ खनिजों तक अमेरिका की पहुंच का उल्लेख नहीं किया गया है। इसका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे उच्च प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों में होता है।

## विदेशी मुद्रा भंडार एक अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 20 जून को समाप्त सप्ताह में 1.01 अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले 13 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.29 अरब डॉलर बढ़कर 698.95 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 20 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 35.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 589.06 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.67 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 10 लाख डॉलर घटकर 4.45 अरब डॉलर रह गया।



## नवकार ज्वेलर्स का भव्य शुभारंभ विश्वस्तरीय आभूषणों का ठिकाना



**रायपुर।** मालवीय रोड कोतवाली चौक के पास एक नए और भव्य ज्वेलरी शोरूम नवकार ज्वेलर्स का शुभारंभ रथयात्रा के पावन पर्व पर विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस बहु-मंजिला शोरूम का उद्घाटन समारोह 27 व 28 जून को दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया है।

इस आधुनिक और नवाचार से परिपूर्ण शोरूम में ग्राहकों के लिए प्रत्येक फ्लोर पर अलग-अलग कलेक्शन की व्यवस्था की गई है, जिसमें सोने, चांदी, डायमंड, पोल्की, बैंगल्स, जड़ाऊ, जेमस्टोन और 18 कैरेट इटालियन ज्वेलरी की विशेष रेंज आकर्षक रूप में प्रदर्शित की गई है। शोरूम का मुख्य आकर्षण इसका मेंस कलेक्शन और हर बजट के अनुरूप डिजाइन है। शोरूम के संचालक प्रीतम जैन और राहुल अग्रवाल ने बताया कि नवकार ज्वेलर्स केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि यह विश्वास, परंपरा और भावनाओं से जुड़ी एक खूबसूरत यात्रा है। उनका उद्देश्य है ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी सेवा प्रदान करना। राहुल अग्रवाल ने आगे बताया कि यह सपना उनके पिता के साथ शुरू हुई 25 वर्षों की यात्रा का परिणाम है, जिसे उन्होंने ईमानदारी और धैर्य के साथ साकार किया है।

शोरूम के डायरेक्टर हर्षित अग्रवाल ने इसे सिर्फ एक स्टोर नहीं, बल्कि एक अनुभव बताया।

### न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश, रायपुर छ.ग.

व्यवहार वाद क्रमांक 69बी/2024 प्रोसेस क्रमांक- 17/25 पेशी दिनांक- 07.07.2025

केनरा बैंक, ........................वादी

विरुद्ध

सोनम संधु ........................प्रतिवादी

बनाम- कु. सोनम संधु, पिता- श्री सुरेन्द्र संधु, निवासी- एच-1, विशाल नगर, छत्तीसगढ़ होटल के पीछे, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.)

वादी ने प्रतिवादी के विरुद्ध यह दावा वास्ते ऋण वसूली कीमती 34,111/- रू. अक्षरी (चौंतीस हजार एक सौ ग्यारह हजार रूपये) हेतु प्रस्तुत किया है। जिसकी इस न्यायालय में पेशी तारीख 07.07.2025 नियत है। अतः आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा नियत पेशी दिनांक 07.07.2025 को उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। नोट- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 11 माह 06 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

सील — न्यायाधीश

## रायपुर में प्रीमियम कमर्शियल प्रोजेक्ट 'वीबी टावर' का हुआ भव्य शुभारंभ




**रायपुर।** भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा के पावन अवसर पर विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मोवा, विधानसभा रोड पर स्थित अपने नवीनतम प्रीमियम कमर्शियल प्रोजेक्ट 'वीबी टावर' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस तीन दिवसीय लॉन्चिंग इवेंट (27, 28 और 29 जून) के पहले दिन ग्राहकों से शानदार रिस्पांस मिला। पहले ही दिन 200 से अधिक लोगों ने साइट विजिट कर प्रोजेक्ट की खूबियों को सराहा। अब तक 40 से अधिक ऑफिस बुक किए जा चुके है। प्रोजेक्ट के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित रहे, साथ ही यशवंत अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, आर्किटेक्ट राजेन्द्र जैन, महेश वेंचर्स के प्रदीप माहेश्वरी और द वेरीफाइड प्रॉपर्टी के आलोक शर्मा भी मौजूद रहे। प्रोजेक्ट का मार्केटिंग पार्टनर महेश वेंचर्स और द वेरीफाइड प्रॉपर्टी है। इस लॉन्चिंग कार्यक्रम में बुकिंग करने वाले ग्राहकों को विशेष लाभ दिए जा रहे हैं, जिनमें 30 दिन के फुल पेमेंट पर रजिस्ट्री शुल्क में छूट और कंस्ट्रक्शन लिंक्ड प्लान पर बुकिंग करने वालों को एप्पल लैपटॉप जैसे उपहार शामिल है।

#### बेहतरीन सुविधाओं से सुसज्जित

यह प्रोजेक्ट आधुनिक वर्क कल्चर को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। वीबी टावर में कुल 150 ऑफिस यूनिट्स उपलब्ध हैं, जिनका साइज 337 से 945 स्क्वायर फीट तक है। हर फ्लोर पर लगभग 25 ऑफिस होंगे और हर फ्लोर में कॉमन एरिया होगा, जिसमें कॉमन कॉन्फ्रेंस रूम, डाइनिंग एरिया, गेम जोन और ग्राउंड व सेकेंड फ्लोर पर कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

## विदेशी पूंजी प्रवाह से सेंसेक्स फिर से 84,000 अंक के पार

**मुंबई।** विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने और आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 303 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती जारी रहने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 303.03 अंक चढ़कर एक बार फिर 84,000 के स्तर के ऊपर 84,058.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 88.80 अंक बढ़कर 25,637.80 अंक पर पहुंच गया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 1,650.73 अंक यानी दो प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी में 525.4 अंक यानी दो प्रतिशत का उछाल आया। बजाज ब्रोकिंग की शेयर बाजार पर जारी टिप्पणी के मुताबिक, /"सेंसेक्स एवं निफ्टी ने मजबूती के साथ साप्ताहिक कारोबार का समापन किया।

## जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने 12,000 करोड़ में खरीदी एक्जो नोबल की भारतीय कंपनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने एक्जो नोबल इंडिया के कारोबार को करीब 12,000 करोड़ (लगभग 1.1 अरब डॉलर) रुपए में खरीदने का करार किया है। इसके बाद जेएसडब्ल्यू अब भारत की चौथी सबसे बड़ी पेंट कंपनी बन जाएगी। जानकारों के मुताबिक, महीनों की बातचीत के बाद जेएसडब्ल्यू ने अक्जो नोबेल में 75% हिस्सेदारी 9,000 करोड़ रुपए में खरीदने का फैसला किया, जो गुरुवार के बाजार भाव से 17.4% सस्ता है। इस डील के बाद आज एक्जो नोबल के शेयरों में 7 फीसदी से अधिक की उछाल है।

■ एशियन पेंट्स और बर्जर को दी चुनौती

जेएसडब्ल्यू ने इंडिगो पेंट्स-एडवेंट कंसोर्टियम और पिडिलाइट इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी बोलियों को पछाड़ा। इस अधिग्रहण से जेएसडब्ल्यू इंडस्ट्रियल पेंट्स सेगमेंट में कंसाई नेरोलैक के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। अक्जो नोबेल के शेयरधारकों के लिए 26% हिस्सेदारी की ओपन ऑफर होगी, जिसकी कीमत सेबी के फॉर्मूले (गुरुवार के क्लोजिंग प्राइस 3,213रुपए /शेयर) के आधार पर तय होगी। डच कंपनी अक्जो नोबेल अभी भी मामूली हिस्सेदारी बरकरार रख सकती है। 2019 में लॉन्च हुई जेएसडब्ल्यू पेंट्स अब तक बाजार में मजबूत पकड़ नहीं बना पाई थी। पांच साल बाद 2023-24 में पहली बार उसे ऑपरेटिंग मुनाफा (2,000 करोड़ रुपए राजस्व पर) हुआ। अक्जो की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और 'डुलक्स' ब्रांड उसकी पहुंच बढ़ाएगा। इस डील के बाद जेएसडब्ल्यू पेंट्स का राजस्व तुरंत 3,000 करोड़ रुपए से अधिक हो जाएगा। 80,000-90,000 करोड़ रुपए के भारतीय पेंट बाजार में अब कंग्लोमरेट्स की दखल बढ़ रही है। अदाणी समूह ने हाल में अंबुजा सीमेंट के जरिए पेंट बाजार में एंट्री की। बिरला ओपस ने सिर्फ एक साल में ही हाई सिंगल-डिजिट मार्केट शेयर हासिल कर लिया है और 3 साल में 10,000 करोड़ रुपए टर्नओवर का लक्ष्य रखा है।



#### चमक से मंदी तक अक्जो नोबेल का सफर

'डुलक्स' ब्रांड से भारत में 70 साल से सक्रिय अक्जो नोबेल की हालत पिछले कुछ समय से डांवाडोल रही। अक्टूबर 2023 में शेयर 4,649 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर थे, लेकिन अब 30% गिरकर 3,213 रुपए रह गए हैं। कंपनी का मार्केट कैप 14,524 करोड़ रुपए है, जो इस साल 10.5% घटा है। उद्योग में मांग ठंडी पड़ने और प्रतिस्पर्धा बढ़ने से उसे सिर्फ 7% मार्केट शेयर ही हासिल है। फरवरी में उसने अपना सबसे मुनाफेवाला पाउडर कोटिंग्स बिजनेस डच पैरेंट कंपनी को बेच दिया था।

### न्यायालय- कु. आकांक्षा बेक, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**नोटिस**

प्रोसेस क्रमांक-
प्रकरण क्र.- 79 बी/2024
पेशी तारीख- 18.07.2025

पक्षकार का नाम

केनरा बैंक ...................................वादी

विरुद्ध

जपदीप छाबड़ा व अन्य...................................प्रतिवादी

प्रति,

प्रतिवादी- 1. जपदीप छाबड़ा, उम्र- 30 वर्ष, पिता- श्री हरजीत छाबड़ा
2. हरजीत छाबड़ा, पिता- श्री जगजीत छाबड़ा
दोनों निवासी- हनुमान मंदिर के पास, बढ़ईपारा, रायपुर छ.ग.

इस न्यायालय में वादी ने ऋणराशि वसूली कीमती 4,35,000/- रूपये के संबंध में वाद प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 18/07/2025 को दिन के 11:00 बजे होगी।

प्रतिवादी क्र. 06 इसमें अपना हित जुड़ा हुआ महसूस करता है या समझता है, इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 18/07/2025 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सुनवाई में भाग ले सकता है, अन्यथा वादी के वाद पर न्यायालय अग्रिम कार्यवाही कर आवेदन का निराकरण कर देगी।

नोट:- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हों तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी।

यह आज तारीख 11/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

सील

(कु. आकांक्षा बेक)
तृतीय व्य. न्या. वरि. श्रेणी
जिला- रायपुर (छ.ग.)

### बिजनेस साइट

## प्रीमियम रेजिडेंशियल टाउनशिप गुलमोहर ग्रीन्स की ग्रैंड लांचिंग



**रायपुर।** ओल्ड धमतरी रोड, मुजगहन स्थित प्रीमियम रेजिडेंशियल टाउनशिप 'गुलमोहर ग्रीन्स' की ग्रैंड लॉन्चिंग के मौके पर शहरवासियों और इन्वेस्टर्स का शानदार उत्साह देखने को मिला। अष्टविनायक रियल्टीज़ और आहुजा ग्रुप के इस प्रोजेक्ट की लॉन्चिंग के पहले ही दिन 56 आवासीय प्लॉट्स की स्पॉट बुकिंग हुई, वहीं साइट विजिट के लिए 1000 से अधिक लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रोजेक्ट के भव्य उद्घाटन अवसर पर अष्टविनायक रियल्टीज़ के सीएमडी संतोष लोहाना ने कहा कि लोगों को लंबे समय से ऐसी सुव्यवस्थित, हरित और सुविधाओं से युक्त टाउनशिप की तलाश थी। गुलमोहर ग्रीन्स उस जरूरत का सही जवाब बनकर सामने आया है। गुलमोहर ग्रीन्स को रेरा रजिस्टर्ड और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से स्वीकृति प्राप्त है। लगभग 16 एकड़ में फैले इस प्रोजेक्ट में 50 फीट की मेन अप्रोच रोड, 30 और 40 फीट की इंटरनल सड़कों के साथ-साथ बेहतर कनेक्टिविटी और हरियाली से भरपूर वातावरण, एक प्रीमियम जीवनशैली का अनुभव कराते हैं।

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)

## ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र./लो.क.वि./2025/488 रिसाली, दिनांक 26/06/2025

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PUMPING ARRANGEMENT FOR SEWAGE OF TALPURI AREA TO EXISTING PUMPING STATION OF BSP. | 170888 | 18587180.00 | 15-07-2025 |

(नोट :- ई-टेण्डर में ऑनलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

## सिंघानिया बिल्डकॉन के मेगा मानसून ऑफर को मिल रहा शानदार रिस्पांस



**रायपुर।** रियल एस्टेट कंपनी सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के 'मेगा मानसून ऑफर' को ग्राहकों से शानदार रिस्पांस मिल रहा है। 19 जून से 29 जून 2025 तक चलने वाले इस ऑफर के अंतर्गत फ्लैट्स और प्लॉट्स की बुकिंग करने पर आकर्षक छूट के साथ-साथ लक्की ड्रा में भागीदारी का मौका भी मिलेगा। इस ऑफर में ग्राहक सिंघानिया बिल्डकॉन के चार प्रमुख प्रोजेक्ट्स हर्षित लैंडमार्क, हर्षित गोल्ड सिटी, हर्षित अरबन सिटी और हर्ष भूमि में अपने सपनों का घर बुक कर सकते हैं। ये सभी प्रोजेक्ट्स क्रेडाई से पंजीकृत हैं और आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं। बुकिंग करने वाले ग्राहकों के लिए लक्की ड्रा रखा गया है, जिसमें टीवीएस जूपिटर स्कूटर, स्मार्ट टीवी, फ्रिज, माइक्रोवेव और गोल्ड क्वाइन जैसे आकर्षक पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। वहीं तुरंत बुकिंग करने पर स्पेशल बोनस और आसान बैंक फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

### राष्ट्रीय पुनर्वास परीक्षा बोर्ड

**ई - प्रवेश - 2025 ( राष्ट्रीय पुनर्वास परीक्षा बोर्ड द्वारा संचालित विशेष शिक्षा और दिव्यांगता पुनर्वास के विभिन्न सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउन्सलिंग**

प्रवेश के लिए पात्रता शर्तें:

पंजीकरण शुल्क:

अंतिम तिथि - 12 जुलाई 2025

### MUNICIPAL COUNCIL DANTEWADA (C.G.)

**e-Procurement Tender Notice (3rd Call)**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No./531 /Tech./N.P.P.D./2025-26 Dantewada, date 26.06.2025

Chief Municipal Officer, Municipal Council Dantewada invites online Tenders on Form "F" (Lump- Sum) From contractors registered in appropriate class in "unified Registration system e-Registration" PWD Chhattisgarh Govt. of C.G./Firms of repute for following work:-

| S. N. | System Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract (Rs. in Lakh) | Earnest Money (Rs. In Lakh) | last Date of Download and upload |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 170912 | EPC, testing, commissioning, trial run for 3 Months after it 9 month Operation & Maintenance including replacement & warranty of all components of 1 Nos STPS of Capacitiy 2.80 MLD with SBR technology including designing, P/L/L/J of RCC NP3 pipes interceptor sewer of Length 123m (400-700 mm Dia),2 Nos Collection chambers, Disposal line of length 100 m (700 mm Dia) and Pumping Station, DI K-9 Pumping main of Length 550 m (300mm Dia) Total length 773 m with all allied components complete on TURN KEY JOB basis. | 531.57 Lakh | Rs. 2.66 Lakh | 11.07.2025 |

Note:- 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal https://eproc.cgstate.gov.in.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of e-Procurement System Help Desk at Toll free no. 18002582502 or through Email ID- helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.
3. For more details please download NIT details.

**Chief Municipal Officer**
**Municipal Council Dantewada**
**Dist. Dantewada (C.G.)**

### MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
### OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in 1st call**

NIT NO: 665/PWD/Zone-9/2025 RAIPUR DATED: 27.06.2025

Online bids are invited for the following works of works up to Date **22.07.2025** at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work | Amount of the Estimate | Earnest Money Deposit | Eligible class of | Time allowed for Completion | दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 171003 | जोन क्रमांक-9 अंतर्गत फुण्डहर गौठान का संचालन एवं प्रबंधन करने का कार्य | 26,20,800/- | 20000/- | भारत सरकार व राज्य सरकार के पंजीकृत स्वयं सेवी संस्थान एवं पंजीकृत एन.जी.ओ. एवं अन्य संस्था | 12 Months | प्रति गाय / प्रति दिवस |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **27.06.2025** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.,
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in,**
3. कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। इस कार्य के लिए निविदा शुल्क राशि रु. 1,500/- मात्र देय डिमाड़ - ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक, आयुक्त, नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE-9**
**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

## खबर संक्षेप

### प्रज्ञानानंदा ने उजचेस कप मास्टर्स जीता

**ताशकंद।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा शुक्रवार को यहां उजचेस कप मास्टर्स 2025 जीतने के बाद लाइव रेटिंग में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए।



इस जीत से प्रज्ञानानंदा की लाइव रेटिंग 2778.3 तक पहुंच गई जिससे वह तीन स्थान की उछाल से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की। इस 19 साल के खिलाड़ी ने विश्व चैंपियन डी गुकेश (2776.6) और अर्जुन एरिगैसी (2775.7) को पछाड़ दिया जो बृहस्पतिवार तक भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी थे लेकिन अब दुनिया के छठे नंबर पर खिसक गए। मैग्नस कार्लसन (2839.2) शीर्ष पर बने हुए हैं। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दिन स्थानीय दावेदार नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक पीछे और जावोखिर सिंदारोव से आधा अंक पीछे से शुरुआत की। अंतिम दौर में अब्दुसत्तोरोव पर एक अहम जीत ने उन्हें राउंड-रॉबिन चरण के अंत में 5.5 अंक के साथ दोनों खिलाड़ियों के बराबर लाने में मदद की।

# आईसीसी के नए नियमों में 'सिर पर चोट' लगने से खिलाड़ियों को सात दिन बाहर रहना होगा

**अब हर मैच के लिए कनकशन खिलाड़ी को नामांकित करना होगा**

## आईसीसी ने सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नियमों की घोषणा

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा की जिसमें 'कनकशन' से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का 'स्टैंड डाउन' समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं।

क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी। इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरूआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी। 'कनकशन' (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं। पहला तो टीमों को अब हर मैच के लिए 'कनकशन' स्थानापन्न खिलाड़ी को नामांकित करना होगा।



### खिलाड़ियों की सुरक्षा पर ध्यान

आईसीसी ने साथ ही घोषणा की कि किसी भी खिलाड़ी को 'कनकशन' होने की स्थिति में न्यूनतम सात दिन तक खेल से बाहर (स्टैंड डाउन) रहना होगा। आईसीसी ने कहा, "मैच के दौरान कनकशन होने की स्थिति में खिलाड़ी को खेलने के लिए वापस आने से पहले कम से कम सात दिन की न्यूनतम 'स्टैंड डाउन' अवधि का पालन करना होगा। यह बदलाव आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद किया गया ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखा जाए।"

### नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर से

आईसीसी ने कहा कि पूर्ण सदस्यों देशों द्वारा इन दोनों नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर 2025 से शुरू होकर छह महीने तक किया जाएगा। इसमें वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए एक नया 'वाइड-बॉल' नियम भी शामिल है जिसे गेंदबाज की मदद के लिए लाया जा रहा है। आईसीसी ने कहा, "ट्रायल में गेंद डालते समय बल्लेबाज के पैरों की स्थिति को अब वाइड गेंद के लिए 'संदर्भ बिंदु' (रेफरेंस प्वाइंट) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, भले ही बल्लेबाज बाद में ऑफ साइड की ओर मुड़ जाए।"

### वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी छूट देने पर काम

आईसीसी की क्रिकेट समिति के मीडिया प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने इस साल जनवरी में बताया था कि क्रिकेट की संचालन संस्था वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी अधिक छूट देने के लिए काम कर रही है।" आईसीसी ने कहा, "कोई भी लेग साइड वाली गेंद जो बल्लेबाज के पैरों के पीछे से होकर जाती है और लाइन से बाहर होती है, उसे भी वाइड कहा जा सकता है।"

### प्रथम श्रेणी में चोटिल होने पर किसीभी खिलाड़ी से बदला जा सकता है

एक और नियम का ट्रायल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किया जाना है जिसमें टीमें अंतिम एकादश में चुनने के बाद किसी खिलाड़ी के गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। आईसीसी ने कहा, "मैच शुरू होने के बाद किसी भी समय (किसी भी मैच पूर्व अभ्यास सहित) अगर खेल के मैदान पर कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल हो जाता है तो मैच के बचे हुए हिस्से में खेलने के लिए उसके समान किसी भी खिलाड़ी द्वारा उसे बदला जा सकता है।"

# डोपिंग मामले में धाविका ट्विंकल चौधरी निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रीय खेलों में कई पदक जीतने वाली मध्यम दूरी की धाविका ट्विंकल चौधरी को प्रतिबंधित स्टेरॉइड के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी' इकाई (एआईयू) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। अठाईस साल की ट्विंकल ने इस साल के शुरू में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के चार गुणा 400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में रजत और चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक भी जीता था। ट्विंकल को प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉइड मिथाइलटेस्टोस्टेरोन का पॉजिटिव पाया गया है।

एआईयू ने अपने अपडेट में कहा कि ट्विंकल को आरोपों का नोटिस जारी किया गया है। अगला कदम इस मामले की सुनवाई होगी जिसमें इस एथलीट को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका मिलेगा। जालंधर की रहने वाली ट्विंकल ने अप्रैल में कोच्चि में 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 800 मीटर स्पर्धा में 2:00.71 सेकेंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाया था। इस महीने के शुरू में उन्होंने ताइवान ओपन में 800 मीटर स्पर्धा में 2:06.96 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता था। मई में वह एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं। इस ताजा निलंबन से देश की मुसीबतें बढ़ना जारी है क्योंकि उसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डोपिंग का रिकॉर्ड बहुत खराब है।

### भारत का रिकॉर्ड सबसे खराब रहा

मई में भारतीय एथलीट स्नेहा कोलेरी को एनाबोलिक स्टेरॉइड स्टैनाजोलोल का पॉजिटिव पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया था। हाल में जारी 2023 की जांच के आंकड़ों में जिन देशों ने 5000 या इससे अधिक नमूने की जांच कराई, उसमें भारत का रिकॉर्ड सबसे खराब रहा और उसका प्रतिशत 3.8 रहा था।

# अल्काराज पहले दौर में फोगनिनी से भिड़ेंगे



एजेंसी ▶▶| लंदन

दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी।

इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा मेजर खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है।

### गॉफ को सोफिया केनिन से भिड़ना होगा

तीसरे दौर में गॉफ को 28वीं वरीय सोफिया केनिन से भिड़ना पड़ सकता है जिन्होंने दो साल पहले विम्बलडन के पहले दौर में उन्हें बाहर कर दिया था। गत चैंपियन बारबोरा क्रेजसिकोवा पहले दौर में एलेक्जांड्रा इयाला से भिड़ेगी।

# युवेंटस को हराकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा मैनचेस्टर सिटी



एजेंसी ▶▶| ऑरलैंडो

मैनचेस्टर सिटी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए युवेंटस को 5-2 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप जी में शीर्ष पर रहते हुए अगले दौर में जगह बनाई। कैम्पिंग वर्ल्ड स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी की टीम आत्मघाती गोल से 2-1 से आगे हो गई, जब डिफेंडर पियरे कालुलु ने नजदीक से पास रोकने का प्रयास करते हुए गेंद को अपनी नेट में पहुंचा दिया।

इंग्लैंड के क्लब की तरफ से दूसरे हाफ में एरलिंग हालैंड, फिल फोडेन और सेविन्हो ने गोल करके स्कोर 5-1 कर दिया। इससे पहले जेरेमी डोकू ने नौवें मिनट में मैनचेस्टर सिटी के लिए पहला गोल किया लेकिन इसके दो मिनट बाद ट्यून कूपमेइनर्स ने बराबरी का गोल कर दिया। डुसन व्लाहोविक ने 84वें मिनट में इटली के क्लब के लिए दूसरा गोल किया, जो ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा।

### जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी में सेना ने खिताब जीता

**रोहतक।** सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) ने छठी जूनियर (अंडर-17) लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में दोनों वर्ग में ओवरऑल चैंपियन बनकर अपना दबदबा कायम किया। सेना ने लड़कों के वर्ग में फिर से टीम खिताब जीता जबकि लड़कियों के वर्ग में उसने हरियाणा को हराकर खिताब हासिल किया। हरियाणा दोनों वर्ग में दूसरे स्थान पर रहा। एसएससीबी ने रोहतक स्थित राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी में एक सप्ताह तक चली इस प्रतियोगिता में लड़के और लड़कियों दोनों वर्ग में नौ पदक जीते।



# ।। श्रद्धांजलि सभा ।।



## स्व. श्रीमती परमेश्वरी देवी जी

हम आपको शोकाकुल हृदय से सूचित करते हैं कि हमारी
पूज्य माता श्रीमती परमेश्वरी देवी जी
धर्मपत्नी स्वर्गीय चौ. मित्रसेन आर्य जी अपनी सांसारिक
यात्रा पूर्ण कर दिनांक 20 जून 2025 को ईश्वर के
श्रीचरणों में विलीन हो गई हैं।

### श्रद्धांजलि सभा

तिथि : रविवार, 29 जून 2025
समय : प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे
स्थान : टैगोर ऑडिटोरियम, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

### शोकाकुल

• श्रीमती सरोज सिंधु – कैप्टन रूद्र सेन सिंधु • श्रीमती शशि सिंधु – वीर सेन सिंधु • श्रीमती ऊषा सिंधु – वृतपाल सिंधु
• डॉ. एकता सिंधु – कैप्टन अभिमन्यु सिंधु • श्रीमती अनिका सिंधु – मेजर सत्यपाल सिंधु • श्रीमती रचना सिंधु – देव सुमन सिंधु
(पुत्र-पुत्रवधू)

• श्रीमती दया वर्मा – चौ. राजवीर सिंह वर्मा • श्रीमती बिमला सुरजेवाला – चौ. कुलबीर सुरजेवाला • श्रीमती मधु सिंह – चौ. शमशेर सिंह
(बेटी-दामाद)

"एवं समस्त सिंधु परिवार"

ACB (INDIA) LIMITED

SAINIK MINING AND ALLIED SERVICES LIMITED

Shyam Indus Power Solutions Limited (SIPS)

हरिभूमि
हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राईवेट लिमिटेड

STLL
Sindhu Trade Links Limited

संपर्क : 7752077777, 9992470001

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com